


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



केराटिन ट्रीटमेंट के बाद बालों की...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 21 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 62 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## भाजपा को छोड़कर सभी पार्टियां परिवारवादी और वंशवादी, हमारी पार्टी ही हमारा परिवार: जेपी नड्डा

बंगलुरु। कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपनी रणनीति में जुट गई है। आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उडुपी पहुंचे हैं जहां उन्होंने जिला बूथ समिति को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा को छोड़कर सभी पार्टियां परिवारवादी और वंशवादी पार्टी हैं जबकि हमारी(भाजपा) पार्टी ही परिवार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 2014 में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में हमारा निर्यात 1 लाख करोड़ का था और आज 6 लाख करोड़ का हो गया है। कर्नाटक नंबर 2 उच्चतम उत्पादक है जो दुनिया को विशेष प्रयोजन भारी वाहन दे रहा है। आज उडुपी का दौरा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जहां तक घ्भारतीय जनता पार्टी के इतिहास का संबंध है, इस स्थान का बहुत महत्व है। 1983 से 2023 तक पार्टी काफी आगे निकल चुकी है। नड्डा ने कहा कि विपक्ष और सत्तारूढ़ चरण दोनों से, भाजपा ने कर्नाटक के विकास में बहुत



योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश में अकेली ऐसी पार्टी है, जिसका वैचारिक पृष्ठभूमि है, जिसके पास कैडर है और जिसके पास मास फॉलोइंग है। हमारा विचार जो 1952 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखा था, उसी विचार को लड़ते हुए 2019 में मोदी जी ने धारा 370 को धाराशायी कर दिया। ये ताकत भारतीय जनता पार्टी की वैचारिकता में थी। उन्होंने कहा कि ये अकेली ऐसी पार्टी है जो प्रो–एक्टिव, प्रो–रिसपॉन्सिव और लोगों के दुख दर्द के साथ जुड़ी हुई पार्टी है। यह केवल भाजपा ही है जो अपनी विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध रही है। अन्य सभी राजनीतिक दल श्पारिवारिक दलश, श्वंशवादी दलश हैं। कांग्रेस एक श्परिवारश में बहुत गहराई तक समाई हुई है, वे देश के हितों की सेवा नहीं कर रही हैं, बल्कि श्अपनाश ही कर रही हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी के मजबूत नेतृत्व में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। पूरी दुनिया भारत की सफलता, समृद्धि और विकास की सराहना कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, महिला, युवा, किसान सबका सशक्तिकरण का काम हुआ है। यह काम एनडीए और बोम्मई साहब की सरकार में हुआ है। उन्होंने कहा कि रेलवे विद्युतीकरण, सड़कों और राजमार्गों सहित बुनियादी ढांचे के विकास से लेकर लोगों को समग्र रूप से सशक्त बनाने तक, हमारी सरकार कर्नाटक में विकास सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

## राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हंगामा

### अखिलेश बोले- जो सरकार एमएलए की निधि नहीं बढ़ाती, उनसे उम्मीद क्या करें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपना अभिभाषण पढ़ा और सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान विपक्षी सदस्य जबरदस्त तरीके से हंगामा करते रहे। समाजवादी पार्टी के



विधायकों ने तख्ती लेकर सदन में नारेबाजी की। इस दौरान विपक्षी सदस्य राज्यपाल गो बैक के नारे भी लगाए। वहीं, अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर भी जबरदस्त निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि सदन में जो बातें कही जाती हैं उनको पूरा नहीं किया जाता है। सपा नेता ने कहा कि बीजेपी ने कहा था कि किसानों की आय दोगुनी होगी... 2023 शुरू हो चुका है लेकिन क्या बीजेपी बताएगी किसानों की आय दोगुनी हुई? अखिलेश ने साफ तौर पर कहा कि जो सरकार विधायकों की निधि नहीं बढ़ाती हो उनसे क्या उम्मीद करोगे? उन्होंने योगी सरकार पर हमला करते हुए साफ तौर पर कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था चरमरा गई है। हाल ही में एक मां–बेटी की जिंदा जलकर मौत हो गई। क्यों? राज्य सरकार, प्रशासन और बुलडोजर के कारण। उन्होंने कहा कि आप बुलडोजर लेकर घूम रहे हैं, इस उम्मीद में कि निवेश आएगा। आप लोगों को सपने दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने किसानों को लूटा और तबाह कर दिया, खेती पर ध्यान नहीं दिया, सिंचाई, खाद, कीटनाशक के लिए मंडी नहीं लगाई। सपा प्रमुख मे यह एक झूठी सरकार है जो कहती है कि वे मंडियों के बुनियादी ढांचे के लिए 1 लाख करोड़ रुपये देंगे। क्या उन्होंने यूपी में एक भी मंडी बनाई? वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र आज राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शुरू हो रहा है. राज्य के 25 लोगों का बजट 22 फरवरी को पेश किया जाएगा जिसके बाद इस पर चर्चा होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा में उठाए गए मुद्दों पर चर्चा कराना सरकार का काम है। सत्र 20 फरवरी से 10 मार्च तक चलेगा, जरूरत पड़ी तो शनिवार को भी चर्चा होगी। मैं विपक्ष से विधानसभा को सुचारू रूप से चलाने में मदद करने की अपील करता हूं।

## पहले जोशीमठ फिर डोडा और अब रामबन...पहाड़ी इलाकों में आ रहे भूस्खलनों के चलते बेघर हो रहे हैं कई परिवार

नई दिल्ली। पहाड़ी इलाकों में दरारें आने का सिलसिला बढ़ता–सा जा रहा है। कुछ दिन पहले उत्तराखण्ड के जोशीमठ में मकानों में दरारें आने से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए। उसके बाद जम्मू के डोडा जिले में इसी तरह की घटना हुई और अब जम्मू–कश्मीर के रामबन जिले का एक गांव भूस्खलन से प्रभावित हुआ है। हम आपको बता दें कि रामबन जिले में दूर–दराज के एक गांव में बड़े भूस्खलन की चपेट में आने से एक दर्जन से अधिक रिहाइशी मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं जिसके चलते 13 परिवार बेघर हो गये हैं। अधिकारियों ने बताया है कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और उन्हें तत्काल राहत सहायता दी गई है, जबकि गांव के पास से गुजरने वाली मुख्य सड़क पर दरार पड़ने के कारण उसे वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया है कि



भूस्खलन की घटना रामबन जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर गूल अनुमंडल के संगलदान के डक्सर डल गांव में हुई। हम आपको बता दें कि यह घटना डोडा जिले की नई बस्ती गांव में 19 मकान, एक मस्जिद और लड़कियों के एक धार्मिक स्कूल की जमीन धंसने की घटना के एक पखवाड़े बाद हुई है। रामबन के सब–डिविजनल मजिस्ट्रेट गूल तनवीर–उल–मजीद वानी ने बताया, ''पिछले तीन दिनों में डक्सर डल में भूस्खलन होने के चलते कुल 13 मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं।श्श उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और उन्हें तत्काल राहत सहायता के तौर पर तंबू, राशन, बर्तन तथा कंबल मुहैया किये गये हैं।'' उन्होंने बताया कि भूस्खलन शुक्रवार को शुरू हुआ था, जिसमें एक स्थानीय कब्रिस्तान भी प्रभावित हुआ, जिसके बाद खुदाई कर एक शव को निकालने के बाद दूसरे स्थान पर दफनाया गया।

अधिकारी ने कहा, ''हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। इलाके में लोगों की आवाजाही पर अभी प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि जमीन अब भी धंस रही है।श्श उन्होंने कहा कि भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण के विशेषज्ञ मुआयना करने के लिए अगले एक–दो दिनों में मौके का दौरा करेंगे और अचानक हुए भूस्खलन के कारणों का पता लगाएंगे।'' उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावित परिवारों को राज्य आपदा प्रबंधन कोष से मुआवजा दिया जाएगा।

रामबन के सब–डिविजनल मजिस्ट्रेट वानी ने बताया कि गुल और संगलदान को जोड़ने वाली मुख्य सड़क को बंद कर दिया गया है क्योंकि इस पर भी दरार आ गई है। उन्होंने बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) से वैकल्पिक मार्ग को वाहनों की आवाजाही योग्य बनाने का अनुरोध किया गया है। इस बीच, स्थानीय सरपंच रकीब वानी ने कहा, ''लोग दहशत में हैं क्योंकि हमने पहले कभी इस तरह की चीज नहीं देखी थी।

## शिंदे गुट ने महाराष्ट्र में विधान भवन सेना कार्यालय पर जमाया कब्जा

मुंबई। महाराष्ट्र में उद्धव–खेमे को एक और झटका देते हुए विधान भवन स्थित शिवसेना पार्टी का विधान कार्यालय 20 फरवरी को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धड़े को सौंप दिया गया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र के



सीएम एकनाथ शिंदे के साथ शिवसेना के विधायक आज विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मिलने वाले थे। बैठक का एजेंडा स्पीकर से शिवसेना के विधान भवन विधायी कार्यालय को सौंपने के लिए कहना था। शिवसेना विधायकों ने दावा किया कि विधानसभा कार्यालय उन्हें सौंप दिया जाना चाहिए क्योंकि चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को असली शिवसेना घोषित कर दिया है और उन्हें श्धनुष और तीरश चिन्ह आवंटित किया है। ठाकरे–गुट ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उद्धव ठाकरे खेमे ने सोमवार को शिंदे–गुट को शिवसेना पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न आवंटित करने के चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हालाँकि, उन्हें एक और झटका लगा जब शीर्ष अदालत ने कहा कि वह आज इस मामले की सुनवाई नहीं करेगी क्योंकि आज सुनवाई की जाने वाली दलीलों की सूची में इसका उल्लेख नहीं है। चुनाव आयोग ने 17 फरवरी को महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के गुट को शिवसेना पार्टी का नाम और श्धनुष और तीरश चिन्ह आवंटित किया था। इसने राज्य में एक बड़े राजनीतिक बवाल को जन्म दिया क्योंकि उद्धव–खेमे ने फैसले पर सवाल उठाया।

## नाम–सिंबल जाने के बाद अब शिवसेना–उद्धव ठाकरे को एक और झटका,ट्विटर ने छीना ब्लू टिक

मुंबई। पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर चुनाव आयोग (ईसी) के आदेश के बाद उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) ने अपना हैंडल में बदलने के बाद ट्विटर पर ब्लू टिक भी गंवा दिया है। पार्टी के मीडिया हैंडल ने भी अपना ब्लू टिक खो दिया और इसे गया है। ट्विटर पर नाम से कोई वेरिफाइड हैंडल नहीं है। ट्विटर हैंडल बदलने के बाद ट्विटर वेरिफिकेशन खत्म हो गया था। चुनाव आयोग द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को श्शिवसेनाश नाम



और उसके चुनाव चिन्ह धनुष और तीर आवंटित करने के बाद नाम और हैंडल बदलने की आवश्यकता थी। उद्धव की सेना अभी भी अपने फेसबुक पेज पर श्शिवसेनाश नाम का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन चुनाव आयोग के आदेश के बाद से पार्टी की आधिकारिक वेबसाइट डाउन हो गई है।

टीम उद्धव ने अपने यूट्यूब चौनल का नाम भी शिवसेना से बदलकर शिवसेना यूबीटी कर दिया है। शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न पर अपने सर्वसम्मत आदेश में चुनाव आयोग ने कहा कि वह विधायक दल में पार्टी की संख्या बल पर निर्भर था, जहां एकनाथ शिंदे को 55 में से 40 विधायकों और 18 लोकसभा में से 13 का समर्थन प्राप्त था।

## एक हिंदू लड़की के बदले 10 मुस्लिम लड़कियां फंसाओ, सुरक्षा, नौकरी हम देंगे, श्रीराम सेना चीफ प्रमोद मुथालिक का ऐलान

नई दिल्ली। श्री राम सेना के प्रमुख प्रमोद मुथालिक ने श्लव जिहादश के जवाब में युवा हिंदू पुरुषों से मुस्लिम लड़कियों को लुभाने का आह्वान किया है और उन्हें सुरक्षा और रोजगार का आश्वासन दिया है। कर्नाटक के बागलकोट में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए मुथालिक ने कहा कि हम स्थिति से अवगत हैं। मैं यहां के युवाओं को आमंत्रित करना चाहता हूं। अगर हम एक हिंदू लड़की को खो देते हैं, तो हमें 10 मुस्लिम लड़कियों को



फँसाना चाहिए। यदि आप ऐसा करते हैं, तो श्री राम सेना आपकी जिम्मेदारी लेगी और हर तरह की सुरक्षा और रोजगार प्रदान करेगी। लव जिहाद में हमारी लड़कियों का शोषण होता है। देश भर में हजारों लड़कियों को प्यार के नाम पर ठगा जाता है। हमें उन्हें चेतावनी देनी चाहिए। एक हफ्ते पहले उडुपी में करकला क्षेत्र से आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार मुथालिक ने कहा कि अब तक उनके खिलाफ 109 मामले दर्ज किए गए थे और उनमें से अधिकांश भाजपा शासन के दौरान दर्ज किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि हिंदुत्व पर अपने रुख के लिए उन्हें अपने ही लोगों से अधिक बाधाओं का सामना करना पड़ा।

## तुर्कीये में ऑपरेशन दोस्त के तहत तैनात भारतीय सेना की मेडिकल टीम पहुंची भारत, अभियान हुआ पूरा

नई दिल्ली। तुर्किये में भारतीय सेना के ऑपरेशन दोस्त के तहत भूकंप पीड़ितों के लिए राहत–बचाव अभियान में जुटी राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (छक्त्थ्) की आखिरी टीम वापस भारत आ गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, श्99 सदस्यीय स्व–निहित टीम ने इस्केंडरन, हेते में पूरी तरह से सुसज्जित 30–बेड वाले फील्ड अस्पताल को सफलतापूर्वक स्थापित किया और चलाया।श रिपोर्ट्स के मुताबिक, 6 फरवरी को तुर्की और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप के कारण 45,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और दस लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए। इस संकट के समय तुर्किए और सीरिया में सबसे पहले मदद पहुंचाने वालों में भारत शामिल था। भारत ने दोनों देशों में पीड़ितों की मदद के लिए ऑपरेशन दोस्त चलाया। भारत ने तुर्किए और सीरिया में भारी मात्रा में राहत–सामग्री भेजी और मोबाइल अस्पताल चलाया। तुर्किए और सीरिया के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में भारतीय सेना के ढाई सौ जवानों को तैनात किया गया।






## ओवैसी के सरकारी बंगले पर देर रात हुआ पथराव

### एआईएमआईएम प्रमुख बोलेः गोडसे को मानने वाले ही ऐसा कर सकते हैं

हैदराबाद। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के सरकारी बंगले पर कथित तौर पर रविवार देर रात अज्ञात लोगों द्वारा पथराव की खबर सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। असदुद्दीन ओवैसी की ओर से भी इसको लेकर शिकायत की गई है। पुलिस ने उनके आवास का दौरा भी किया है और आगे की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। इन सबके बीच ओवैसी ने साफ तौर पर इस मामले को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने बंगले पर चौथी बार हमले होने



का दावा किया और कहा कि यह वही लोग कर सकते हैं जो नाथूराम गोडसे की विचारधारा को मानते हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उनके (बीजेपी) हौसले इसलिए बुलंद है क्योंकि उनकी पार्टी सत्ता में है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनको लगता है कि हिंसा के जरिए वो अपने एजेंडे को मुकम्मल कर सकते हैं। ये चौथी बार मेरे घर पर हमला हुआ है। ये वही लोग हो सकते हैं जो लोग नाथूराम गोडसे की विचारधारा को मानते हैं। ओवैसी ने कहा कि अगर जुनैद और नसीर को जिंदा जलाया जा सकता है तो मैं कौन हूं? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मौका मिलने पर मैं पीड़ितों (जुनैद और नसीर) के परिवारों से मिलूंगा। एआईएमआईएम प्रमुख ने यह भी कहा कि पुलिस मेरे घर पर हुए हमले की सटीक जानकारी देगी। केंद्र सरकार और दिल्ली सीपी को इस मामले को देखना होगा। मेरे पास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, सड़कों पर कई कैमरे हैं जिन्हें जांचने की जरूरत है। इसके पहले ओवैसी ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा कि दिल्ली स्थित मेरे आवास पर फिर से हमला किया गया है। 2014 के बाद से यह चौथी घटना है। इससे पहले आज रात, मैं जयपुर से लौटा और मेरे घरेलू सहायक ने सूचित किया कि बदमाशों के एक समूह ने पथराव किया, जिससे खिड़कियां टूट गईं। दिल्ली पुलिस को उन्हें तुरंत पकड़ना चाहिए। ओवैसी ने कहा कि यह चिंताजनक है कि ऐसा तथाकथित उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में हुआ है। मैंने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है और वे मेरे आवास पर पहुंच गए हैं।

# मौलाना सिराज मदनी ने अनारकली रोड पर कार्यालय का किया उद्घाटन

बहराइच। नगरपालिका चुनाव को लेकर ष्टीम मौलाना सिराज मदनीष्की ओर से लगातार कार्यालयों का उद्घाटन किया जा रहा हैस शहर बहराइच के मोहल्ला दरगाह शरीफ में अनारकली रोड पर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कियागयास इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के चेयरमैन पद के निर्दलीय प्रत्याशी मौलाना सिराज मदनी ने कहा कि अगर बहराइच की जनता ने उनको कामयाब किया तो नगर पालिका परिषद बहराइच के अंतर्गत आने वाले सभी कामों को पूरी ईमानदारी के साथ पूरा किया जाएगास उन्होंने पिछले 10 सालों से नगर पालिका परिषद बहराइच की कुर्सी पर बैठने वालों से हिसाब मांगने को भी कहा मौलाना सिराज मदनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में बहराइच शहर की टूटी हुई नालियां व सड़कें और कूड़े के ढेर रास्तों पर बहता गंदा पानी उनकी कारगुजारियों को बयां करता हैस

मौलाना सिराज मदनी ने कहा कि अगर बहराइच की जनता ने उनको अपने कीमती वोटों से कामयाब किया तो नगर वासियों को साफ सुथरा मोहल्ला मिलेगा, गढ्ढा मुक्त सड़कें मिलेंगी, दवाओं का छिड़काव किया जाएगा और नगरपालिका परिषद के अंतर्गत सभी कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ किया जाएगास मौलाना सिराज मदनी ने कहा कि हिंदू–मुस्लिम एकता की प्रतीक सय्यद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर आने वाले जायरीनों को किसी तरह की न तो गंदगी का सामना करना पड़ेगा और न ही पानी की कमी की शिकायत होगी नगर पालिका की की ओर से रेडीमेड शौचालयों की व्यवस्था कराई जाएगी ताकि उनको खुले आसमान के नीचे शौच के लिए न जाना पड़ेसइस अवसर पर सोशल मीडिया इंचार्ज सुहेल खां, दरगाह शरीफ के इंचार्ज अकबर अली, मोहम्मद इदरीस, नाजिर पुरा के प्रचारक इनामुल हक,मंसूरगंज के प्रचारक चांद बाबू, मोहम्मद राशिद, सालार गंज के इंचार्ज मास्टर इशरत अली, हाफिज मोहम्मद सुफियान, फैजान खां, जावेद,रऊफ,चुनऊ,सालिम आदि लोग उपस्थित रहे।

# हज-2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 10 मार्च तक

बहराइच। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि सचिव एवं कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा बताया गया कि हज–2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 फरवरी, 2023 से आरम्भ होकर 10 मार्च, 2023 तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार्य किये जायेंगे। इच्छुक आवेदक हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट एसएचसीयूपीएलकेओ एट द रेट रेडिफमेल डाट काम पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

श्री मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन, ऑफलाइन, मोबाइल एप हज कमेटी ऑफ इण्डिया पर आवेदन के पश्चात संलग्नकों सहित आवेदन पत्र सचिव, कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य हज समिति, 10 ए विधानसभा मार्ग, लखनऊ को सम्बोधित कर हार्डकापी डाक अथवा दस्ती जमा करना होगा। उ0प्र0 हज समिति के मोबाईल नम्बर 7310103537 पर इसके अलावा मो.नं 7310103534 अथवा ई–मेल आई0डी0 एसएचसीयूपीएलकेओ एट द रेट रेडिफमेल डाट काम एवं वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू हजकमेटी डाट जीओवी तथा गेंद घार स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, कार्यालय के हज फैसिलीटेशन सेन्टर बहराइच से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## वकीलों का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त : मनोज मिश्र

सोहावल–अयोध्या ।रौनाही टोल प्लाजा तहसीनपुर पर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी मनोज मिश्र का लखनऊ से पहली बार अयोध्या आगमन के दौरान अधिवक्ताओं ने भव्य स्वागत किया। अधिवक्ताओं की भीड़ को सम्बोधित करते हुए मिश्र ने कहा कि वकीलों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा ।टोल प्लाजा पर टोल टैक्स माफ तथा वृद्ध अधिवक्ताओं को पेंशन मिलने की मांग की गयी है ।इस मौके पर अधिवक्ता उमेश दूबे अभिषेक दूबे राघवेंद्र कृष्ण पांडेय अनूप पांडेय नकुल, करूणा शंकर मिश्र अतुल कुमार श्रीकांत शर्मा सौरभ पांडेय क्षेत्रीय ग्रामीणों में रानू दूबे शिवाकांत तिवारी जगन्नाथ मिश्रा राजू पांडेय अवनीश तिवारी बागली पांडेय सहित सैकड़ों गांववासी मौजूद रहे।

# टीबी से स्वस्थ हो चुके अब उन्मूलन में करेंगे सहयोग

## छय रोग उन्मूलन हेतु टीबी एलिमिनेशन फोर्स का हुआ गठन

बहराइच। टीबी उन्मूलन में सहयोग के लिए टीबी बीमारी से स्वस्थ हो चुके लोगों का एक नेटवर्क स्थापित किया जा रहा हैस जिसे यूपी टीवी एलिमिनेशन फोर्स का नाम दिया गया है । इसका शुभारंभ कर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संदीप मिश्रा ने बताया कि यह टीबी नेटवर्क समस्त जनपदों का एक राज्यस्तरीय नेटवर्क होगा जिसमें टीबी से ठीक हो गए मरीजों को शामिल किया जाएगास इसमें वह मरीज जो अपना पूर्ण इलाज कर स्वस्थ हो चुके हैं और टीवी उन्मूलन में सहयोग करना चाहते हैंस वह इस नेटवर्क से जुड़ सकते हैं।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जनपद में 3868 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें से कई ऐसे मरीज हैं जिन्हें यह भरोसा दिलाना जरूरी है कि वह इलाज से स्वस्थ हो सकते हैं। इसके लिए यूपी टीबी एलिमिनेशन फोर्स बनाया गया है । इसमें टीबी बीमारी से स्वस्थ हो चुके व्यक्तियों का एक नेटवर्क होगा जो इलाजरत मरीजों की शंकाओं को दूरकर उन्हें निरंतर दवाओं के सेवन के लिए प्रेरित करेगा । इसके लिए उन्हें संस्था वर्ड विजन इंडिया के सहयोग से प्रशिक्षित कर टीबी चौंपियन का दर्जा दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 2 – 2 टीवी चौंपियंस की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। इस प्रयास से जहां एक ओर दूर–दराज इलाकों में टीबी कार्यक्रमों की पहुंच बढ़ेगी वहीं चौंपियंस ज्यादा से ज्यादा टीबी मरीजों तक पहुंच कर उनकी मदद कर सकेंगे। नेटवर्क से जुड़ने के लिए नजदीकी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से संपर्क किया जा सकता है । इस बारे में एसटीएस रवि कुमार ने बताया कि टीबी मरीजों का बीच में इलाज बंद करने के अलग अलग कारण होते हैं। कुछ मरीज भ्रांतियों के चलते दवाएं बंद कर देते हैं। वहीं कुछ मरीज आराम मिलने पर दवाओं का पूरा कोर्स नहीं करते। ऐसे में इलाज करवा रहे सभी टीबी मरीजों से मिलकर उनकी शंकाओं का समाधान करना जरूरी हो जाता है। यूपी टीबी एलिमिनेशन फोर्स ऐसे मरीजों की भ्रांतियों को दूर कर उन्हें नियमित दवाओं के सेवन की अहमियत समझायेंगे। इस अवसर पर डिप्टी डीटीओ डॉ पीके वर्मा, एसटीएस रवि कुमार , वर्ल्ड विजन इंडिया के जिला सामुदायिक समन्वयक शिवम मिश्रा एवं जनपद के समस्त टीबी चौंपियन उपस्थित रहे।

## 30–31 मई को होगी यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा

मिल्कीपुर–अयोध्या। प्रदेश के चारों कृषि विश्वविद्यालय की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) को लेकर लखनऊ में अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक हुई। इस बार संयुक्त प्रवेश परीक्षा की जिम्मेदारी आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या को दी गई है। यह परीक्षा 30 व 31 मई को आयोजित होगी। परीक्षा दस शहरों में कराई जाएगी। देर शाम स्टेयरिंग कमेटी की ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में चारों कृषि विवि के कुलपति, रजिस्ट्रार और कृषि शिक्षा अनुसंधान के अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे, जिसकी निगरानी में परीक्षा होगी। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने बताया कि कानपुर अयोध्या, बांदा और मोदीपुरम कृषि विवि की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 और 31 मई को होगा। परीक्षा आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि अयोध्या कराएगा। परीक्षा फार्म 1 मार्च से 20 अप्रैल तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। 10 शहरों में आयोजित होगी परीक्षा, बढ़ाया गया दो और केंद्र –कृषि विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉक्टर सुशांत श्रीवास्तव ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा पहले 8 शहरों में आयोजित होती थी, इनमें मेरठ, फैजाबाद, बरेली, लखनऊ, बांदा, कानपुर, वाराणसी हैं। इस बार झांसी व आजमगढ़ में भी परीक्षा केंद्र बढ़ाए गए हैं। जिसके चलते बुंदेलखंड और पूर्वांचल से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। इस दौरान परीक्षा संबंधी विषयों व अन्य मुद्दों पर भी बैठक में चर्चा हुई।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे के रामगंज मुहल्ले में तिवारी मेडिकल स्टोर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।स्वास्थ्य शिविर में अयोध्या जनपद के डा0आशुतोष कुमार उपाध्याय व डा0अंकुश शुक्ला मौजूद रहे।स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन गोसाईगंज कोतवाली के एसएचओ अक्षयकुमार व मण्डल अध्यक्ष अशोक वर्मा ने फीता करकर किया। आयोजक अमित तिवारी ने बताया कि शिविर में ब्लड शुगर,हार्ट की जांच,ब्लड पेशर,ईसीजी आदि की जांच निशुल्क करते हुए दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया गया ।स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ो लोगो ने लाभ उठाया ।आयोजक ने बताया कि जनहित को देखते हुएस्वास्थ्य शिविर को समय समय पर लगाया जाएगा ।जिससे अधिक से अधिक लोगो को लाभ मिल सके। रीडगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कानपुर की घटना को लेकर बुलडोजर आहुति का कार्यक्रम किया। जिसमे कार्यकर्ताओं ने हवन कुंड के सामने बैठकर हवन कुंड में प्रतीकात्मक बुलडोजर को आहूत किया। वैदिक मंत्रोचार के साथ बुलडोजर स्वाहा और योगी सरकार स्वाहा के नारे लगाते हुए प्रतीकात्मक बुलडोजर को हवन कुंड में प्रवाहित कर अपना विरोध दर्ज कराया ।प्रदेश प्रवक्ता व चुनाव प्रभारी संजीव निगम ने बताया कि आज हमने पार्टी कार्यालय पर कानपुर में हुई घटना को लेकर बुलडोजर आहुति का कार्यक्रम किया है जिसमें सभी ने हवन कुंड में प्रतीकात्मक बुलडोजर को जलाया है क्योंकि कानपुर में हुई घटना बहुत ही दर्दनाक थी हमारे सांसद संजय सिंह खुद कानपुर मौके पर जाकर पीड़ित बेटे से मिलकर उसकी आपबीती सुनी और उसको न्याय दिलाने के लिए सरकार से मांग की है कि इस घटना की कोर्ट की निगरानी में जांच की जाए और पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए हवन कुंड कार्यक्रम में छात्र विंग जिला अध्यक्ष विकास वर्मा नदीम रजा मोहित महाराज महिला मोर्चा गुड़िया राइन मोहम्मद इसराइल सुनील मौर्या मोहम्मद कलीम जुल्फिकार आलम रमेश कुमार संदीप पटेल अन्य लोग सम्मिलित रहे।

## बख्शीपुरा के बाशिंदों ने रेलवे क्रासिंग 41सी व सीवेज लाइन के लिए उठाई मांग

### बख्शीपुरा संघर्ष समिति की द्वितीय बैठक हुई संपन्न

बहराइच ।शहर के मोहल्ला नई बस्ती बक्शीपुरा के निवासियों ने बैठक कर जनप्रतिनिधियों से रेलवे क्रासिंग 41सी व सीवेज लाइन की मांग रखी ।बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी मनीराम वर्मा ने कहा कि हमारे मोहल्ले में 17 हजार आबादी का जीवन नरकीय बन चुका है ।बच्चों को स्कूल जाने व मरीजों को अस्पताल जाने में काफी चक्कर लगाना पड़ता है। रेलवे क्रासिंग 40सी भी बंद होने जा रही है आगे और समस्या बढ़ने जा रही है ।मोहल्ले के समाजसेवी रमेश त्रिपाठी ने कहा कि हम अपनी समस्याओं को लेकर पीआईएल दाखिल करेंगे ।मोहल्ले में सभी लोग जनजागरूकता अभियान चलायेंगेस आगामी दिनों में हर जनप्रतिनिधियों से मिलकर समस्या के समाधान हेतु चर्चा की जायेंगी ।बैठक में मनीराम वर्मा को जनसंपर्क अभियान और अधिवक्ता रमेश पाठक को पीआईएल की जिम्मेदारी दी गयी । बैठक में सभासद दुर्गेश पांडेय, शिवांकर शुक्ला , अरुण कुमार मिश्र, राधेश्याम सिंह, बृजेश शर्मा, मनीष पाठक, दीनानाथ, मिन्टू, राधाकृष्ण पाठक, अभिषेक त्रिपाठी, जनार्दन प्रसाद मिश्र, अमरेंद्र प्रताप सिंह, सत्यदेव मिश्र, एस के श्रीवास्तव, ओ पी पांडेय , पी के सिंह, विष्णु भूषण मिश्र, महेश कुमार पाठक, एस सी शुक्ला, सन्तोष त्रिपाठी, विपिन शुक्ला, दुर्गा प्रसाद निषाद, राजकुमार गुप्ता, दीनानाथ वर्मा समेत सैकड़ों मोहल्लावासी उपस्थित रहे।

## विद्युत इंजीनियर ने किया रेल लाइन विद्युतीकरण का परीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर,बलरामपुर। सुभागपुर पचपेड़वा खण्ड का विद्युतीकरण का निरीक्षण ए0के0 गुप्ता प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर द्वारा





निरीक्षण किया गया। उक्त खंड के चालू हो जाने पर गोरखपुर–गोंडा खंड का विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो जाएगा। इसके साथ ही सभी ट्रेनें इलेक्ट्रिक इंजन पर चलने लगेंगे, इस कार्य के पूर्ण होने से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में रेलवे की सभी लाइने विद्युतीकृत में परिवर्तित हो जाएंगी। जो कि रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उक्त निरीक्षण में मुख्य विद्युत इंजीनियर के अलावा मुख्य परियोजना निदेशक एस के दुबे, अपर मंडल रेल प्रबंधक संजय यादव, सीनियर मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) डी0के0 यादव, उप मुख्य विद्युत अभियंता अजीत कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, टाटा प्रो0 लि0 मनीष कुमार आदित्य नाथ झा त्व्ड टाटा प्रो0 लि0 भी उपस्थित रहे।

## शिवभक्तों ने जवाबी कीर्तन का लिया आनन्द

अयोध्या। बोल बम और हर–हर महादेव के जयकारों के साथ हजारो शिवभक्तों ने रिकाबगंज में सम्पूर्ण रात्रि जवाबी कीर्तन का आनन्द लिया। इसके बाद मंगलवार की शाम पूजा स्थल से भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में भक्त झूमते, नाचते, गाते गुप्तारघाट के लिए रवाना हुये। घाट पर पहुँचकर दोनों प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक पूजन–अर्चन करते हुए विसर्जन किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व उत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक कनक, संयोजक राजेश गौड़ व केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने किया। शोभायात्रा का रास्ते भर जगह–जगह जनमानस की ओर से पूजन–अर्चन किया गया। प्रसाद वितरण करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। शोभायात्रा में सम्मिलित सभी भक्त डी.जे. की धुन पर आकर्षक भक्ति गीतों पर झूमते रहे। राधाकृष्ण के स्वरूप में सजे कलाकारों ने आकर्षक नृत्य करते हुए लोगों का मन मोह लिया। उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी बजरंगी साहू के अनुसार शोभायात्रा में स्थानीय नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लिया। वहीं समिति के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से सुनील मौर्य, अखिलेश पाठक, बुद्धिपाल प्रजापति, रामकुमार सिंह 'राजू', अजय विश्वकर्मा, किशन मौर्य, शशि सामन्त मौर्य, विशाल गुप्ता, किशोर कनक, विश्वास कनक, राधेश्याम यादव, अरूण गुप्ता, बल्देव राजपाल, अर्जुन सोनी, अमित तिवारी, मोनू गुप्ता, बलराम वर्मा, रामजी शर्मा, मनोज गौड़, आदि उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

अयोध्या। रामनगर कालोनी के प्राचीन संत नवलराम पंचायत व दरबार के संयोजन में मनाये जाने वाले इस कार्यक्रम में प्रथम दिवस शिव पार्वती विवाह के उपलक्ष्य में आकर्षक महिला संगीत, द्वितीय दिवस पर नवीनीकृत मंदिर प्रांगण में झण्डा रोहण ,जनकल्याण हेतु हवन पूजन, तृतीय दिवस पर निश्चित आयु वर्ग के बच्चों के सनातन धर्म संस्कृति की अभिवृद्धि पर आयोजित प्रतियोगिता व तदुपरांत सम्राट पृथ्वीराज चौहान की नगरी अजमेर से पधारे उदय व लवी मण्डली द्वारा सिंध,हिंद के महान संत भगत कंवरराम की"भगति विधा" से जहां श्रद्धालुओं को झंकृत किया तो वहीं चतुर्थ दिवस पर संपूर्ण विश्व के कल्याणार्थ आंचल फैला कर पल्लवपूजन व विनती कर संपूर्ण भारत से पधारे अतिथियों को अगले वर्ष पुनः आने के वचन के साथ विदाई दी गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह, नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा निर्माण एजेंसी के प्रभारी इंजीनियर आशीष कुमार, सिंधी सेंट्रल पंचायत रामनगर मुखिया ओम अंदानी, दैनिक हिन्दुस्तान अखबार ब्यूरो स्वरमिल श्रीवास्तव व मुखिया हरीश मंधाण, राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार में मनोनीत सदस्य प्रतिनिधि विश्व प्रकाश रूपन ने किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के उ. प्र. से एक मात्र मनोनीत प्रतिनिधि अयोध्या निवासी विश्व प्रकाश "रूपन",सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह, इंजीनियर आशीष कुमार,व ब्यूरो हिंदुस्तान स्वरमिल श्रीवास्तव का सम्मान संयुक्त रूप से सेंट्रल पंचायत रामनगर मुखिया ओम अंदानी, मुखिया हरीश मंधाण, पंचायत प्रतिनिधि गोल्डी वासवानी,सिंधु आवाज अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी, सिंधी अकादमी उ. प्र. पूर्व उपाध्यक्ष अमृत राजपाल ने किया,साथ ही श्री रूपन के व्यक्तित्व कृतित्व व समाज के सरोकार से जुड़ी उनकी संवेदनशीलता का बखान भी अमृत राजपाल ने किया।

गौरतलब है कि समाज हित में सक्रिय भाइयों राजेश वासवानी व गोल्डी वासवानी का सम्मान पंचायत मुखिया की पत्नी नीलम माखेजा ने किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार व जीतने वालों को गुड डे बेकर्स,टाइनी टाट्स विद्यालय,व चावला परिवार द्वारा प्रायोजित पुरस्कार भी प्रदान किया गया ।विजयी प्रतिभागियों का चुनाव निर्णायक मंडल की रेनू सावलानी,केवलरामानी,पूनम लखमानी व टाइनी टाट्स विद्यालय प्राचार्य ने कर आयोजन समिति से जुड़ी व सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक नीलम माखेजा को सौंपा।

कार्यक्रम का संचालन संस्कृति विभाग अयोध्या के उद्घोषक विश्व प्रकाश "रूपन" ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सिंधु सेवा समिति अध्यक्ष मोहन मंधाण, सुनील रामानी, सिद्धांत,दिलीप राजकुमार, दीपक सावलानी,संजय,शिव,अनिल, आदि का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## हाईवे किनारे मिला ई–रिक्शा चालक का शव

कानपुर। बिधनू के हरबंसपुर में सुबह हाइवे किनारे एक युवक का शव लोगों ने पड़ा देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो जेब से मिले मोबाइल फोन के जरिए युवक के शव की शिनाख्त हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सचेंडी थाना क्षेत्र के हृदयपुर गांव निवासी मनमोहन ई रिक्शा चलाकर (48) अपने परिवार का भरण पोषण करता था। साले अरविंद ने बताया कि एक साल पहले उसकी बहन संगीता की मौत हो गई थी, जिसके बाद से उनके बहनोई मनमोहन नशे के आदि हो गए थे। बताया की उन्होंने ने कई बार नशा करने से मना किया पर वह इस बात को नहीं माने। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम वह शटरिंग के मजदूरों को लेकर मदनमोहन गांव से बिधनू थाना क्षेत्र के हरबंसपुर गांव गए थे, सुबह बिधनू थाना क्षेत्र के हरबंसपुर गांव के पास ई रिक्शा चालक का शव हाईवे किनारे पड़ा था। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची बिधनू पुलिस ने युवक के शव की तलाशी ली तो युवक के जेब से मिले मोबाइल फोन से ई–रिक्शा चालक के रूप में शिनाख्त हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

अयोध्या। महाशिवरात्रि का पर्व जनपद के मंदिरों पर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भव्य तरीके से शिव की बारात निकाली गई ।सभी शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन दिखाई दिए। और जगह–जगह पर प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी कड़ी में ककरही बाजार स्थित प्रभु विघ्नेश्वर मंदिर पर धूमधाम से पहुंची शिव बारात का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर के व्यवस्थापक व वर्तमान पार्षद दिलीप यादव के द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात का भव्य स्वागत एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया और इसके साथ–साथ भगवान शिव पार्वती के विवाह के साथ 2 गरीब बेटियों की भी शादी कराई गई ।तो वहीं गुदरी बाजार चौराहा स्थित जायसवाल पंचायती मंदिर लोहा बाजार के द्वारा निर्माण कराया गया श्री अंतकेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शिव बारात में शामिल हुए शिव के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।इस दौरान जायसवाल समाज के महामंत्री अशोक जायसवाल और अध्यक्ष विनोद जायसवाल महाशिवरात्रि पर्व की सभी जनपद वासियों को बधाई दी. और अयोध्या मे बन रहे मंदिर निर्माण को लेकर भी खुशी जाहिर की। इस दौरान बारात में शामिल हुए लोगों मे भाजपा पार्षद व वरिष्ठ नेता अशोका द्विवेदी, बिजली विभाग चौक जे ई नरेश जायसवाल, हेमंत जायसवाल, पार्षद पद प्रत्याशी भाजपा संग्राम सिन्हा, पार्षद रामनंदन तिवारी, पार्षद अनु जायसवाल, अंकित गोयंका, टकसाल रामलीला कमेटी के संयोजक कन्हैया अग्रवाल रमेश चौरसिया सम्मिलित हुए।

# धार्मिक अनुष्ठान और संत आध्यात्मिक ऊर्जा के पुंज:सांसद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बांसी के



पीढ़ियां में बाबा पीढ़ेश्वरनाथ ट्रस्ट के सौजन्य से चल रहे श्रीविष्णु महायज्ञ में क्षेत्रीय सांसद जगदंबिका पाल ने पहुंचकर साधु–संतों का आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के सुख–समृद्धि के लिए कामना भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आध्यत्मिक, धार्मिक अनुष्ठानों से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। धार्मिक अनुष्ठान और संत आध्यात्मिक ऊर्जा के पुंज हैं, जिनके सानिध्य में आने से सकारात्मक विचारों का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन हर जगह होना चाहिए। जिससे लोगों को सत्संग का अवसर मिले और वह धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिले की जनता ने तीन बार उनपर विश्वास कर उन्हें लोकसभा में भेजा। उन्होंने भी जनता के उस कर्ज को उतारने का सौ फीसदी प्रयास किया। जिले राष्ट्रीय राजमार्ग का जाल, आमान परिवर्तन, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, मेडिकल कॉलेज, पासपोर्ट आफिस जैसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए उन्होंने प्रयास किया। जिसका नतीजा पूरे जिले के सामने है। इसके अलावा सांसद जगदंबिका पाल बांसी के ही तेलौरा में बाबा चूटेश्वरनाथ ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीविष्णु महायज्ञ में भी पहुंचे। इस दौरान अशोक कुमार त्रिपाठी, धर्मेंद्र त्रिपाठी, बजरंगबली त्रिपाठी, नीतेश चतुर्वेदी, अजय कुमार मिश्र, राधेरुप मिश्र, आशीष मिश्र, कृष्णकांत शुक्ल, लौकेश्वर गिरी, नारायण गौड़ आदि मौजूद थे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने दिया ज्ञापन

## पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के ऊपर जानलेवा हमला को लेकर कानपुर देहात दीक्षित पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिये ज्ञापन





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा सिद्धार्थनगर जिला कमेटी जिला अध्यक्ष पंडित सुधीर पांडे उर्फ फरसा बाबा के कुशल नेतृत्व में अपने सभी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण प्रकरण को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन दिया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के ऊपर जानलेवा हमला को लेकर कानपुर देहात दीक्षित पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा जिला कमेटी जिला अध्यक्ष पंडित सुधीर पांडे उर्फ फरसा बाबा के कुशल नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों के साथ सिद्धार्थनगर जिला कलेक्ट्रेट पर मुख्यमंत्री के नाम से जिलाधिकारी के द्वारा आदेशित न्यायिक मजिस्ट्रेट एसडीएम प्रियंका चौधरी को जिला कमेटी ने अपना ज्ञापन दिया गया जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट एसडीएम प्रियंका चौधरी ने आश्वासन दिया गया कि यह ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुंचाने की मेरी जिम्मेदारी है आप सभी निश्चिंत रहें हमारे साथ उपस्थित जिला संयोजक विनय पंडित वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांत चतुर्वेदी वरिष्ठ जिला महामंत्री आशीष पांडे जिला महामंत्री नीरज शुक्ला छोटे भाई अजय उपाध्याय लोटन ब्लाक अध्यक्ष आदित्य मणि त्रिपाठी लोटन ब्लाक से गंगोत्री पांडे अरुण पांडे आदित्य पांडे नौगढ़ सदर जिला उपाध्यक्ष इंद्रेश त्रिपाठी छोटे भाई तेजतर्रार हरिशंकर त्रिपाठी उसका ब्लॉक के मनोज पांडे परशुराम सेना जिला अध्यक्ष रजत चौबे आकाश दुबे निशांत दुबे शौर्य प्रताप पांडे ओम प्रकाश पांडे छोटे भाई दिवाकर पांडे वासुदेव पांडे विजय पांडे आदि सभी भाइयों के साथ जिला कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन दिया गया।

# 22 फरवरी से निराश्रित गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित करने का अभियान शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख योजनाओं में से एक गौ संरक्षण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर के निर्देश के क्रम में दिनांक 22 फरवरी 2023 दिन बुधवार को जनपद सिद्धार्थनगर के खेतों, सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित करने का अभियान पूरे जनपद में चलाया जाएगा। जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद के सभी उप जिलाधिकारी के निगरानी में सभी खंड विकास अधिकारियों, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के सभी अधिशासी अधिकारी कों निर्देशित किया है कि 22 फरवरी को सुबह 6:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक अपनी पूरी टीम के साथ निराश्रित, घुमंतू गोवंश को पकड़कर अपने नजदीकी गौशाला में पहुंचाएंगे। इस अभियान में जो टीम लगाई गई है उसमें विकास विभाग,नगर निकाय विभाग,कृषि विभाग,राजस्व विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के आपसी समन्वय से यह अभियान संपन्न कराना है।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को प्रत्येक ब्लॉक के नोडल अधिकारी के रूप में भी नामित किया गया है जिसमें नौगढ़ ब्लाक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, बर्डपुर में जिला समाज कल्याण अधिकारी, उसका बाजार में जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी, लोटन में जिला युवा कल्याण अधिकारी, जोगिया में भूमि संरक्षण अधिकारी, शोहरतगढ़ में अपर मुख्य जिला पंचायत अधिकारी, इटवा में जिला कृषि अधिकारी, खूनियाव में जिला कृषि रक्षा अधिकारी, बढ़नी में सहायक आयुक्त निबंधक, बासी में जिला सांख्यिकी अधिकारी, मिठवल में जिला प्रोवेशन अधिकारी, खेसरहा में जिला आबकारी अधिकारी, डुमरियागंज में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, भनवापुर में जिला पूर्ति अधिकारी नोडल बनाए गए हैं। इस पूरे अभियान की मानिटरिंग के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आरबी यादव ने सभी जनपद वासियों से इस अभियान में भाग लेकर अभियान को शत–प्रतिशत सफल बनाने के लिए अपील भी की है। जिससे सभी निराश्रित गोवंश जो सड़कों पर इधर–उधर घूम रहे हैं या जो खेतों में नुकसान कर रहे हैं ऐसे गोवंश को पकड़कर हम गौशालाओं पर संरक्षित करने का कार्य करेंगे। उक्त जानकारी पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने दी है।

# कुश्ती के दंगल में पहलवानों ने एक दूसरे को दिखाया आसमान

## पथरा बाजार में आयोजित किया गया दंगल

बांसी। स्थानीय साप्ताहिक बाजार परिसर में सोमवार को एक विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दूर के पहलवानों ने भाग लिया।आयोजन के प्रथम दिन सोमवार को एक मुकाबला गूंगा पहलवान नेपाल व मस्तराम निवासी जनपद बरेली के मध्य हुआ जिसमें गूंगा पहलवान ने मस्तराम को कड़ी लड़ाई में आसमान दिखाया। दूसरी जोड़ी हरिसिंह कानपुर और रवि हरियाणा प्रदेश के कुरुक्षेत्र निवासी के बीच हुआ जिसमें रवि ने हरिसिंह को चित कर दिया। तीसरा मुकाबला रमेश गोरखपुर और बाबा बनारस के मध्य हुआ जिसमें बाबा बनारस ने बाजी मारी, वहीं चौथा मुकाबला राजू दिल्ली और गूंगा नेपाल के मध्य हुआ इस मुकाबले में भी नेपाल निवासी गूंगा ने अपनी दूसरी बाजी भी मार ली, सोमवार का आखिरी मुकाबला सोनू सहारनपुर और सिद्धार्थ नगर के विकास खंड मिठवल व पथरा बाजार थाना क्षेत्र निवासी लालजी मिश्र के बीच हुआ जिसमें लालजी मिश्र ने सोनू को आसमान दिखाया।दंगल का आयोजन हरिओम पांडेय और ग्राम प्रधान मक्खन लाल ने संयुक्त रूप से किया तथा दंगल के मुख्य अतिथि रामस्वार्थ मिश्र, सुनील पाठक जमुनी, तथा रवि पांडेय बनगवां पड़ाइन रहे। दंगल का दूसरा दौर मंगलवार को सुबह ग्यारह बजे से शुरू होगा।

# तहसील दिवस में फिर प्रभावी रहा राजस्व का मामला

## 18 शिकायतों में निस्तारण रहा शून्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। स्थानीय तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुआ। शनिवार को शिवरात्रि पड़ने के कारण समाधान दिवस का आयोजन निर्धारित दिवस पर नहीं हुआ था। पूर्वान्ह 10.30 से चले कार्यक्रम में समस्या लेकर आने वालों की संख्या औसतन काफी कम रही। इस दौरान कुल 18 मामले प्रस्तुत हुए, जिसमें राजस्व विभाग फिर शीर्ष पर रहा। आए हुए मामलों में राजस्व के 13, पुलिस विभाग के 03 और विद्युत विभाग से 02 मामले आए। मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं संभव हुआ। सभी मामलों को संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को सौंप कर शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान तहसीलदार संजीव दीक्षित, नायब तहसीलदार के अतिरिक्त अन्य विभागों के जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बारे में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि संबंधित मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

# जग नारायन अध्यक्ष,अश्वनी बने महामंत्री, अनिल कुमार सिंह के अगुवाई में चुनाव सम्पन

## विकास भवन के आंबेडकर सभागार में रविवार को नवमनोनीत ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास भवन के आंबेडकर सभागार में रविवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से संबद्ध ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के सदस्यों की बैठक हुई। इसमें जिला कार्यकारिणी का चयन किया गया। इसमें जगनारायन अध्यक्ष, अश्वनी पाठक जिला मंत्री मनोनीत किए गए। साथ ही अन्य पदों पर भी सर्वसम्मत से मनोनयन हुआ। बाद में सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री राकेश चौधरी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की सम देखरेख में अधिवेशन एवं जिला अ कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। इस मौके से पर सर्वसम्मत से जगनारायन को अध्यक्ष, अ अश्वनी पाठक को मंत्री, सुनील पांडेय आ को कार्यवाहक अध्यक्ष, राजकुमार को वि संप्रेक्षक, अजय कुमार द्विवेदी को वरिष्ठ वर्ष उपाध्यक्ष, दुष्यंत कुमार, आनंद चौधरी, वा नीरज त्रिपाठी, श्रवण कुमार शुक्ल को उपाध्यक्ष, महेश कुमार पासवान, राम प्रसाद दुबे, श्रवण कुमार को संगठन मंत्री, चंद्रसेन गौतम, विपिन कुमार को संयुक्त मंत्री, जय शंकर त्रिपाठी को मीडिया प्रभारी, अर्जुन प्रसाद को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अंत में जिला कार्यकारिणी के पदाधकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# शिकायती प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करें राजस्व कर्मीः एसडीएम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। तहसील समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय से करे राजस्व कर्मी जिससे जनमानस में आप के प्रति अच्छी सोच हो। उक्त विचार उपजिलाधिकारी सदर डॉ0ललित कुमार मिश्र ने कही वह आज तहसील समाधान दिवस में कही वह आज वह सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि तहसील समाधान दिवस पर आए शिकायती प्रार्थना पत्रो का निस्तारण समय से करे। हमारी आवश्यकता हो हम प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए मौके पर जाएंगे। समाधान दिवस में आये कुल बीस शिकायती प्रार्थना पत्रों में पांच का निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# माघ मेला बांसी मे राष्ट्रीय एकीकरण समिति की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। माघ मेला बांसी मे राष्ट्रीय एकीकरण



समिति की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो के पी त्रिपाठी ने कहा कि देश की तरक्की के लिए एकता आवश्यक है। उन्होनें लोगो से कहा कि जाति,धर्म से ऊपर होकर हम सब एक रहे। नायब तहसीलदार राघवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि मजबूत व समृद्ध राष्ट्र के लिए आवश्यक है कि नागरिकों में एकता हो। उन्होनें लोगों से इस एकता को कायम रखने की अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपा के ई ओ विन्ध्याचल ने कहा कि अनेकता मे एकता हमारी पहचान है इस पहचान को कायम रखना है आज हम सब देश की एकता व अखंडता को कायम रखने की शपथ ले। कार्यक्रम को मेला प्रभारी पवन कुमार रावत, मो इरफान बाकर व धर्मगुरु मोहन बाबा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ शंकर पांडेय ने किया। बैठक मे जमील अहमद, गिरीश पांडेय, रामकुमार, करीम राईनी, इशरत जमील, गणेश दत्ता, रामचरण यादव आदि मौजूद थे।

# पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार को लेकर पत्रकारों ने एसडीएम, सीओ को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। नौतनवां कस्बे के गांधी चौक पर हुए दो पक्षों में मारपीट के दौरान मामले को समझने और मारपीट को छुड़ाने पहुंचे एक पत्रकार के साथ मोटर ऑपरेटर यूनियन के लोगों ने जहां मारपीट की वही मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी ने पत्रकार के साथ भी दुर्व्यवहार किया। जिसके कारण पत्रकारों का आक्रोश भड़क उठा और नौतनवा तहसील में पहुंचकर पत्रकारों ने एसडीएम और सीओ को पत्र देकर कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मिले खबरों के मुताबिक रविवार की सुबह प्राइवेट बस ऑपरेटर यूनियन नौतनवा के अध्यक्ष व ई रिक्शा चालकों के बीच सवारी को लेकर हो रहे



मारपीट के दौरान झगड़ा छुड़ाने पहुंचे सी न्यूज के पत्रकार श्रवण कुमार यादव पर बस यूनियन के लोग टूट पड़े। इसी बीच घटना स्थल पर नौतनवा थाने के पहुंचे एक पुलिसकर्मी ने भी पत्रकार को बचाने की जगह उससे दूर व्यवहार किया। सिपाही द्वारा पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार को लेकर नौतनवा तहसील के पत्रकारों ने आज सोमवार को नौतनवा तहसील में एकत्रित होकर प्रेस क्लब महाराजगंज के संरक्षक अमित त्रिपाठी के नेतृत्व में एसडीएम नौतनवा दिनेश कुमार मिश्र और क्षेत्राधिकारी नौतनवा अनुज कुमार सिंह को ज्ञापन पत्र सौंप कर सिपाही के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग किया। पत्रकारों का ज्ञापन लेते हुए एसडीएम ने कहा कि पूरे मामले की जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मांग पत्र सौपने वाले पत्रकारों में मुख्य रूप से गुड्डू जायसवाल, अतीक अहमद, अंगद शर्मा, अरविंद त्रिपाठी, धर्मेंद्र चौधरी, विजय चौरसिया, श्रीचंद बरनवाल, अजय जायसवाल, संजय जायसवाल, राजा अग्रहरी, संजय कुमार, सुदेश त्रिपाठी, श्रवण यादव, आकाश पांडे सहित कई दर्जन पत्रकार मैके पर मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर तहसील दिवस में दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। तहसील दिवस के दौरान भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन सिद्धार्थनगर इकाई की तरफ से नगर पालिका परिषद बांसी द्वारा निर्मित किए गए नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क की पूरी जमीन की पैमाइश कराए जाने, यदि उस पर अवैध कब्जा है तो उसे हटाए जाने आदि की मांग को लेकर एक ज्ञापन तहसील दिवस में दिया गया। जिस पर उपजिलाधिकारी बांसी ने तत्काल राजस्व निरीक्षक को पत्र देकर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा संगठन ने बांसी बस्ती हाईवे 28 पर बेलगड़ी टोल प्लाजा पर मनमाना शुल्क वसूलने को लेकर भी मांग पत्र दिया गया है और मनमानी वसूली को बंद करने की मांग की गई है। इस पर एसडीएम ने क्षेत्राधिकारी बांसी को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की तरफ से जिला उपाध्यक्ष अजय त्रिपाठी, आदित्य प्रकाश त्रिपाठी, सागर कुमार, सौरभ सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे। इसी कड़ी में आजाद वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार चौबे, राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के ईश्वर चंद्र दुबे, भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव आदि लोगों ने डाक बंगला चौराहे पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा लगाए जाने तथा तेजगढ़ गांव के लिए जाने वाली सड़क पर सड़क मार्ग का नामांकन कराए जाने की मांग तहसील दिवस में एसडीएम को दिया है। जिस पर एसडीएम बांसी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को आवश्यक कार्यवाही हेतु कहा है।

## सम्पादकीय

**उसके बाद क्या होगा? क्य एकनाथ शिंदे शिव सेना को बचाए रख पाएंगे? जानकार सूत्रों के मुताबिक भाजपा का मकसद शिव सेना को समाप्त करना है और वह तभी हो पाएगा, जब शिंदे पार्टी का विलय भाजपा में कर दें। भाजपा जब तक ताकतवर है वह किसी हाल में शिंदे गुट और उ)व गुट को एक नहीं होने देगी। ऐसे में या तो शिव ...**

# कब तक बची रहेगी शिव सेना?





यह लाख टके का सवाल है कि 56 साल पहले बनी शिव सेना कब तक बची रहेगी? चुनाव आयोग ने शिव सेना को उसके संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के परिवार से छीन कर पार्टी के दूसरे नेता एकनाथ शिंदे को दे दिया है। चुनाव आयोग ने इतना बड़ा कदम सिर्फ इस आधार पर उठाया कि पार्टी में टूट हुई तो ज्यादातर विधायक और सांसद एकनाथ शिंदे के साथ चले गए थे। बाद में भाजपा ने शिंदे को समर्थन देकर उनको मुख्यमंत्री बनवा दिया। सो, शिंदे मुख्यमंत्री हैं और 2019 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीते ज्यादातर सांसद और विधायक उनके साथ हैं, इसलिए चुनाव आयोग ने शिव सेना उनको सौंप दी। शिव सेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे के पास कुछ नहीं बचा। न पार्टी बची और न उसका चुनाव चिन्ह बचा। सोचें, जो काम बाल ठाकरे के स्वाभाविक उत्तराधिकारी माने जा रहे उनके भतीजे राज ठाकरे नहीं कर पाए वह वह काम एकनाथ शिंदे ने कर दिया। शिंदे ऑटो चलाते थे और एक साधारण कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में शामिल हुए थे। अब वे 56 साल पुरानी इस पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं। लेकिन सवाल है कि पार्टी में कब तक उनकी सर्वोच्चता बची रहेगी और वे कब तक पार्टी को बचाए रख पाएंगे? हकीकत यह है कि एकनाथ शिंदे के पास कोई ताकत नहीं है। उनकी सारी ताकत भारतीय जनता पार्टी है। वे भाजपा से मिल रही आभासी शक्तियों के दम पर राजनीति कर रहे हैं। भाजपा की ताकत और समर्थन से ही उनको शिव सेना का नाम और चुनाव चिन्ह मिल पाया है। भाजपा उनको यह ताकत दे सकती है लेकिन राजनीतिक ताकत भाजपा नहीं दे सकती है। ध्यान रहे हाल के दिनों तक भाजपा खुद ही शिव सेना की बी टीम की तरह राजनीति करती थी। इसलिए यह संभव नहीं है कि भाजपा अपने दम पर खुद को भी बड़ा बनाए और एकनाथ शिंदे को भी शिव सेना का स्वाभाविक नेता बनवा दे। आमतौर पर क्षेत्रीय पार्टियों में नेतृत्व संस्थापक नेता के परिवार में रहता है। टीडीपी जरूर एनटी रामाराव के बेटे–पोतों के हाथ में नहीं है लेकिन उनके दामाद और नाती के हाथ में है। इन पार्टियों की सफलता का राज ही परिवार के खूंटे से बंधा होना होता है। इसलिए बाल ठाकरे के राजनीतिक उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे ही रहेंगे और यह अगले चुनाव में प्रमाणित हो जाएगा। उसके बाद क्या होगा? क्य एकनाथ शिंदे शिव सेना को बचाए रख पाएंगे? जानकार सूत्रों के मुताबिक भाजपा का मकसद शिव सेना को समाप्त करना है और वह तभी हो पाएगा, जब शिंदे पार्टी का विलय भाजपा में कर दें। भाजपा जब तक ताकतवर है वह किसी हाल में शिंदे गुट और उद्धव गुट को एक नहीं होने देगी। ऐसे में या तो शिव सेना बिना किसी ताकत के ऐसे ही एक पार्टी बनी रहेगी, जैसे बरसों तक जनता पार्टी बनी रही थी या फिर उसका विलय भाजपा में होगा। और भाजपा के बरक्स महाराष्ट्र की राजनीति में हिंदुत्व की दूसरी ताकत शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे बनी रहेगी।

# गोस्वामी तुलसीदास आम जनता से जुड़े हुए कवि हैं



लोकभाषा ग्रामीण जीवन में रची बसी होती है। वही ग्राम्य भाषा लोक जीवन का आधार तत्व है। जिस तरह आज खड़ी बोली हिन्दी नागरी हिन्दी के रूप में विख्यात है ठीक उसी तरह मध्यकाल में संस्कृत अभिजात्य वर्ग की भाषा कही और समझी जाती थी। फारसी बड़े पैमाने पर भारतीय जीवन में दस्तक दे रही थी। भोजपुरी में कबीर की डांट फटकार से जनता ऊब चुकी थी थी। ऐसे में तुलसी का उद्‌भव आम आदमी को तसल्ली देता है क्योंकि तुलसीदास ग्रामीण बोली अवधी में समाज के अंतिम आदमी तक भगवान श्री राम की कथा की व्याप्ति करते हैं। कबीर भोजपुरी के साथ भाषा के पंच तत्व की शिनाख्त करते हैं तो तुलसी संस्कृत भाषा के समक्ष अवध ी की चुनौती पेश कर उससे धार्मिक जनजागरण का अभियान चलाते हैं। वहीं सूरदास ब्रज क्षेत्र की ग्रामीण भूमि की बोली ब्रजी को काव्यभाषा के रूप में ढालते हैं। कबीर, सूर, जायसी और तुलसी का अभियान बोली को भाषा के रूप में तब्दील करने का अभियान है। तब हिन्दी क्षेत्र की बोलियां व्यापक रूप ग्रहण करके हिन्दी भाषा का स्वरूप ग्रहण कर लेती हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि कबि न हाउं नहिं चतुर कहावाऊं । मति अनुरूप राम गुन गावऊँ ।। कहं रघुपति के चरित अपारा। कहं मति मोरि निरत संसारा।। अर्थात मैं न तो कवि हूं, न चतुर कहलाता हूं। अपनी बुद्धि के अनुरूप श्री राम जी के गुण गाता हूं। कहां तो श्री रघुनाथ जी का अपार चरित्र , कहां संसार में आसक्त मेरी बुद्धि है। आप देखिए तो पाएंगे कि गोस्वामी जी इस बात को मानस के ही प्रारंभ में कहते हैं कि मैं कवि नहीं हूं किंतु अपनी मति के अनुरूप भगवान श्री राम का गुण गाता हूं। किन कारणों से गोस्वामी जी को ऐसा कहना पड़ा। दरअसल जिस समाज में गोस्वामी तुलसीदास जी श्री राम कथा का गुणगान कर रहे थे, वह युग धार्मिक कृषक संस्कृति का था जिसमें गोस्वामी जी यदि खुद को कवि कहते तो वे आम जनता से दूर रहते। हालांकि उनके मन मस्तिष्क में कवि परंपरा समाहित है। इस तरह तो वे कवि के अघोषित रूप में अत्यंत विनम्रता के साथ वे अपनी बात रखते हैं। ऐसा कहकर वे आम जनता के साथ भक्ति का तादात्म्य स्थापित करते हैं। वे लिखते हैं कि कीरति भनिति भूति भलि सोई। सुरसरि सम सब कहं हित होई।।अर्थात कीर्ति, कविता और संपत्ति वही उत्तम है जो गंगा जी की तरह सबका हित करने वाली हो। जनता से जुड़कर गोस्वामी तुलसीदास जी कविता का उद्देश्य मां गंगा जी की तरह सभी का हितकारक बतलाते हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# बीबीसी को लेकर बढ़ता विवाद

**जव सोरोस जैसा सटोरिया एक अरब डश्चलर का फण्ड देकर खुलेआम इण्डिया को फेल करने, यहां के कई मीडिया व नीति संस्थानों को डश्चलर देने का खेल खेलता हो, जिसके लोग हिंडनवर्ग से लेकर भारत जोड़ो तक से जुड़े दिखते हों वहां सत्ता पक्ष के तर्क और भी दमदार नजर आते हैं। फिर भी हमारा मानना है कि वीवीसी को वैन करना उचित नहीं लेकिन बीबीसी का कश्चलोनियल नजरिए से ...**

अजय दीक्षित

पहले गुजरात दंगों को लेकर वीवीसी द्वारा बनाई गई डाक्यूमेंटरी को वैन किया गया। फिर कुछ दिन बाद इनकम टेक्स विभाग ने वीवीसी के दफ्तरों में जाकर अकांउट्स की जांच शुरू कर दी। ऐसा होते ही वीवीसी को लेकर वहसें होने लगीं। विपक्षियों ने इसे मीडिया की आजादी पर हमला कहा। कई का मानना रहा कि दुनिया बीबीसी की खबरनवीसी पर भरोसा करती है। मानते हैं कि खवर वनाने के उसके मानक ऊंचे हैं। उसे वैन करना बदले की कार्रवाई है। इसके वरक्स बीबीसी के आलोचक कहते रहे कि वीवीसी अव भी कॉलोनियल संस्था है। अपने पूर्व उपनिवेशों को अब भी उपनिवेश की तरह लेती है और उनके अंदरूनी मामलों में दखल देती रहती है...इसी आधार पर एक वार इंदिरा गांधी ने भी वीवीसी पर वैन लगाया था। उसके दफ्तर सील कर दिए थे। उसके स्टाफ को वापस भेज दिया था... । इस वैन का कारण था बीबीसी द्वारा देश के तव के हालात को अपने पूर्वाग्रही नजरिए से बताना । वीवीसी का नजरिया तव की जनतांत्रिक सत्ता को निरंकुशतावादी वताता था । उसकी खवरें देश की शांति व्यवस्था के लिए खतरा नजर आती थीं । इसलिए इन्दिरा गांधी ने उसे वैन किया था। इन दिनों के वैन करने वाले यही कहते हैं। कि इन्दिरा गांधी ने भी तो अपने वक्त में बीबीसी को वैन किया था । हमने किया तो क्या गुनाह किया? आखिर, वह फिर से भारत की छवि को विदूपित करने के चक्कर में है। उसकी डाक्यूमेंटरी झूठ का पुलिंदा है । जव देश के सुप्रीम कोर्ट ने तव के गुजरात के सीएम और अव पीएम को गुजरात के दंगों में किसी भी प्रकार से लिप्त न पाकर, सभी आरोपों से बरी कर दिया तव वीवीसी क्यों गड़े मुरदे उखाड़ रही है? क्या वह सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर है? ऐसे आलोचकों का मानना है कि गुजरात के दंगों को फिर से कुरेदना बीबीसी की नव्य औपनिवेशिक राजनीति का हिस्सा है। आलोचक मानते हैं कि इस झूठी कहानी को गढ़ा है जेक स्ट्रॉ नामक गोरे नेता ने जो खुद इंग्लैंड के इस्लामिक तत्ववादियों से जुड़ा है, जो अक्सर ऐसी झूठी खबरें गढ़कर किसी हिट मैन की तरह काम करता है।



जव भारत की इकॉनमी उठान पर है, भारत को दुनिया में ताकतवर राष्ट्र के रूप में गिना जाने लगा है, दुनिया के देशों और बाजारों में छाई मंदी और मुर्दनी के बावजूद इण्डिया की ग्रोथ की कहानी सबसे बेहतरीन दर से बढ़ रही है, और उसकी इकॉनमी ने इंग्लैंड को भी पीछे छोड़ दिया है, ऐसे में यह डाक्यमेंटरी लाई गई है। बीबीसी के आलोचक यह भी मानते हैं कि पीएम मोदी आज के भारत की तेज ग्रोथ की कहानी के महानायक हैं। भारत के विकास के सबसे बड़े प्रतीक हैं। ऐसे पीएम की छवि पर की जाती चोट, देश पर की जाती चोट है। उनकी छवि गिरती है तो इंडिया की छवि भी गिरती है और वाजार के सेंटीमेंट डाउन होते हैं। इस डाक्यूमेंटरी को इण्डिया की ग्रोथ की कहानी को डाउन करने के लिए बनाया गया है, इसलिए इसे वैन करना उचित है । वे यह भी कहते हैं कि सिर्फ सार्वजनिक प्रदर्शन पर ही रोक लगाई गई है, इंदिरा की तरह दफ्तर सील नहीं किए हैं, न कर्मचारियों को भगाया ही है। ऐसे आलोचक इस सबको देश के खिलाफ तिहरी साजिश की तरह देखते हैं जैसे कि पहले वीवीसी की डाक्यूमेंटरी का आना, फिर विश्व वाजार में शॉर्ट सेलिंग के उस्ताद हिंडनवर्ग की रिपोर्ट का आना और दुनिया के नंबरी सेठ अडाणी का गिरना और फिर दुनिया के सट्टाखोर अरवपति जॉर्ज सोरोस का मोदी और अडाणी के खिलाफ बोलना और अगले चुनाव में मोदी के न जीतने देने की वात कहना। एक ही पखवाड़े में एक नहीं, दो नहीं, तीन तीन हमले और वो भी विदेशी संस्थाओं के हम किसी तटस्थ व्यक्ति को यह बताने के लिए काफी है कि भारत को घेरा जा रहा है, और हमारे अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। जव सोरोस जैसा सटोरिया एक अरब डॉलर का फण्ड देकर खुलेआम इण्डिया को फेल करने, यहां के कई मीडिया व नीति संस्थानों को डॉलर देने का खेल खेलता हो, जिसके लोग हिंडनवर्ग से लेकर भारत जोड़ो तक से जुड़े दिखते हों वहां सत्ता पक्ष के तर्क और भी दमदार नजर आते हैं। फिर भी हमारा मानना है कि वीवीसी को वैन करना उचित नहीं लेकिन बीबीसी का कॉलोनियल नजरिए से काम करना भी सही नहीं ।

# रेलवे सुरक्षा बल जयपुर में करेगा 18वीं विश्व सुरक्षा कांग्रेस की मेजबानी

**भारत ने 2006 और 2015 में नई दिल्ली में यूआईसी विश्व सुरक्षा कांग्रेस का सफलतापूर्वक आयोजन और मेजबानी की थी। आरपीएफ के महानिदेशक ने यूआईसी सुरक्षा मंच के माध्यम से अपनी चिंताओं को दूर करने के लिए एशिया, अफ्रीका और कई दूसरे विकासशील देशों में काम करने वाले सदस्य संगठनों की भागीदारी बढ़ाने के उपाय किए हैं। जयपुर में रेलवे सुरक्षा रणनीतिः प्रतिक्रियाएं और भविष्य के ...**

अरुण कुमार

रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) भारत की एक प्रमुख सुरक्षा एवं कानून प्रवर्तन एजेंसी है। रेलवे संपत्ति की बेहतर तरीके से रक्षा एवं सुरक्षा के लिए 1957 में इसका गठन हुआ था। रेलवे संपत्ति की रक्षा एवं सुरक्षा की अपनी मुख्य भूमिका से आगे बढ़कर यह बल यात्री सुरक्षा एवं सुविधा की अतिरिक्त भूमिकाओं के लिए तत्पर हुआ। बदलते वक्त के साथ यात्री सुरक्षा और सुविधा से संबंधित भूमिका पर फोकस भी बढ़ रहा है। बल आज भारतीय रेलवे के उद्देश्यों को पूरा करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। आरपीएफ आज रेलवे और इसके लक्षित वर्ग की बदलती सुरक्षा जरूरतों को समझता है और खुद को कौशल एवं संसाधनों से लैस कर नए कदम उठा रहा है। वर्तमान में, आरपीएफ भारत का ऐसा केंद्रीय बल है, जिसके रैंक में महिलाओं की सबसे बड़ी हिस्सेदारी (9 प्रतिशत) है। यह राष्ट्र और इसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपने दायरे और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। व्यापक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आरपीएफ ने यात्रियों को चोरी, मानव तस्करी, आत्महत्या के प्रयास, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य अपराधों से बचाने के उद्देश्य से कई अभियान शुरू किए हैं। सबसे उल्लेखनीय अभियानों में से एक रेल सुरक्षा है। इस अभियान में आरपीएफ ने रेलवे संपत्ति से जुड़े अपराधों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की और रेलवे संपत्ति की चोरी के 6492 मामले दर्ज किए। 11,268 अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ ही 7.37 करोड़ रुपये मूल्य की चोरी की गई रेलवे संपत्ति बरामद की गई। आरपीएफ बच्चों को बचाने और उनकी सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 2022 में एक व्यापक अभियान नन्हे फरिश्ते चलाया गया। यह ट्रेनों या रेलवे स्टेशनों पर पाए जाने वाले बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के लिए शुरू किया गया था। सालभर के दौरान 17,756 बच्चों को आरपीएफ कर्मियों ने छुड़ाया। एक और महत्वपूर्ण अभियान मानव तस्करी के खिलाफ शुरू किया गया ऑपरेशन एएएचटी है। मानव तस्करी रोकने के लिए भारतीय रेलवे के 740 से ज्यादा स्थानों पर आरपीएफ मानव तस्करी विरोधी यूनिट शुरू की गईं। सालभर के दौरान 194 तस्करों की गिरफ्तारी के साथ 559 लोगों को उनके चंगुल से बचाया गया। मिशन जीवन रक्षा के तहत दूसरों की जान बचाने के लिए आरपीएफ के जवान अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। सालभर के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने 852 जानें बचाईं। ऑपरेशन नार्कोस शुरू करने के साथ ही आरपीएफ को रेलवे के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए सशक्त किया गया है। वर्ष के दौरान, आरपीएफ ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 1081 अपराधियों को गिरफ्तार किया और करीब 80 करोड़ रुपये मूल्य के एनडीपीएस को जब्त करने में सफलता मिली। ऑपरेशन अमानत के जरिए आरपीएफ खोए हुए सामान को हासिल कर उसे असली मालिकों को लौटा रहा है। साल के दौरान आरपीएफ ने 46.5 करोड़ से अधिक मूल्य के करीब 25,500 सामान बरामद किए। ऑपरेशन डब्ल्यूआईएलईपी के तहत आरपीएफ रेलवे के जरिए वन्यजीवों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रहा है। साल के दौरान अवैध व्यापार के 129 मामलों का पता चला और 75 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यात्रियों को सफर के दौरान रीयल–टाइम सुरक्षा संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए आरपीएफ ने ऑपरेशन यात्री सुरक्षा शुरू किया है। आपातकालीन प्रतिक्रिया पहल के तहत यात्रियों को तत्काल सुरक्षा संबंधी सहायता प्रदान की जाती है। सालभर के दौरान इसके लिए 2 लाख से अधिक कॉल प्राप्त हुए। आरपीएफ ने अकेले या नाबालिगों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए मेरी सहेली पहल शुरू की। सभी जोनल रेलवे में महिला आरपीएफ कर्मियों की टीमें बनाई गईं और उन्हें आईटी मॉड्यूल से लैस किया गया जिससे वे ऐसी महिलाओं तक पहुंच सकें जिन्हें सुरक्षा एवं भरोसे की आवश्यकता होती है। मातृशक्ति अभियान के साथ आरपीएफ रेल यात्रा के दौरान प्रसव पीड़ा पर गर्भवती महिलाओं की हरसंभव मदद करता है। सालभर में आरपीएफ की महिला कर्मियों ने ऐसे 209 बच्चों के जन्म में सहायता की। ऑपरेशन सेवा के तहत आरपीएफ बुजुर्ग नागरिकों, महिलाओं, शारीरिक रूप से दिव्यांगों और बीमार एवं घायलों की यात्रा में मदद करता है। उनके लिए व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, चिकित्सा सहायता और शिशुओं के लिए खाने–पीने जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। 2022 में आरपीएफ ने ऐसे 37,000 से अधिक व्यक्तियों की सहायता की। आरपीएफ सतर्क अभियान के तहत निषिद्ध और अवैध सामान ले जाने के खिलाफ भी कार्रवाई करता है। आरपीएफ ने निषिद्ध वस्तुओं को ले जाने वाले 2331 लोगों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित प्रशासन को सौंपा है। आरपीएफ ने हिमाचल प्रदेश, गुजरात, गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा आरपीएफ ने डिग्निटी अभियान के तहत देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले 3400 वयस्कों को बचाया। अंतरराष्ट्रीय रेल संघ (यूआईसी) और रेलवे सुरक्षा बल साथ मिलकर जयपुर में 20 से 23 फरवरी 2023 तक 18वीं विश्व सुरक्षा कांग्रेस का आयोजन कर रही है। यूआईसी की स्थापना 1922 में पेरिस में हुई थी। यह दुनियाभर में रेलवे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला एक पेशेवर संघ है जो रेल क्षेत्र में सहयोग, मानकीकरण और सूचनाओं को साझा करने को बढ़ावा देता है। यूआईसी का सुरक्षा मंच अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन, नीतियों को बनाने और विश्लेषण के लिए जिम्मेदार है। इसके साथ ही यह यूआईसी सदस्यों के सुरक्षा निदेशकों के बीच सूचनाओं के आदान–प्रदान और सर्वोत्तम कार्य प्रणाली को बढ़ावा देता है। यूआईसी का विश्व सुरक्षा कांग्रेस एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसमें सदस्य रेलवे संगठनों के सुरक्षा प्रमुखों, यूआईसी, भारतीय रेलवे–आरपीएफ के प्रतिनिधि ा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल होते हैं। कांग्रेस तकनीकी सहयोग, साझेदारी और रेलवे सुरक्षा के सर्वोत्तम तरीकों व उपायों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। भारत की प्रमुख सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसी आरपीएफ यूआईसी सुरक्षा प्लेटफॉर्म का एक सक्रिय सदस्य रहा है। भारत ने 2006 और 2015 में नई दिल्ली में यूआईसी विश्व सुरक्षा कांग्रेस का सफलतापूर्वक आयोजन और मेजबानी की थी।




# भारत और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच सर, मेरी बॉलिंग तो आ नहीं रही... , जब जडेजा से बोले अक्षर पटेल

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मुकाबलों का बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी चल रहा है। दूसरे टेस्ट मुकाबले को भारत ने जीत लिया। इस जीत में ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की शानदार भूमिका रही। 3 दिन में ही दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया को ध् ूल चटाने के हीरो रहे रवींद्र जाडेजा। रविंद्र जडेजा ने इस मुकाबले में जबरदस्त गेंदबाजी की है। बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम तीन स्पिन गेंदबाजों के साथ उतरी थी। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल। इस मुकाबले में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने ऐसी गेंदबाजी की अक्षर पटेल को गेंदबाजी करने का काफी कम मौका मिला। पहली पारी में अक्षर पटेल ने 12 ओवर की गेंदबाजी की जिसमें उन्होंने 34 रन दिए और कोई विकेट नहीं मिला। वहीं, दूसरी पारी में अक्षर पटेल ने सिर्फ 1 ओवर की



गेंदबाजी की और 2 रन दिए। एक इंटरव्यू में अक्षर पटेल ने रविंद्र जडेजा से कहा कि सर, मेरी तो गेंदबाजी आ नहीं रही है। अक्षर से बॉल नहीं डलवाना है, क्या इसलिए आप ऐसे गेंदबाजी कर रहे हैं। इसके बाद रविंद्र जडेजा जमकर ठहाके लगाते हैं। इसके साथ ही अक्षर ने यह भी कहा कि आप 6 महीने के ब्रेक पर थे। इस दौरान आप यही सोच रहे थे क्या कि जाते ही सब वसूल करना है। वही, रविंद्र जडेजा ने अक्षर पटेल के बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की। अक्षर ने पहली पारी में 115 गेंदों में 74 रनों की पारी खेली थी। अक्षर पटेल ने रविचंद्रन अश्विन के साथ एक शानदार साझेदारी की थी और टीम इंडिया को वापस इस मुकाबले में लाया था। रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में 21 ओवर में 2 मेडन देकर 3 विकेट चटकाए। वहीं, दूसरी पारी में रविंद्र जडेजा ने 12.1 ओवर की गेंदबाजी में 42 रन देते हुए 7 विकेट लिया। वामहस्त स्पिनर रविंद्र जडेजा की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (42 रन पर सात विकेट) से भारत ने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से शिकस्त देकर चार मैचों की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप का टिकट लगभग पक्का करने के साथ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी अपने पास रखने का अधिकार भी हासिल कर लिया।

# नीलामी के बाद भी आईपीएल 2023 में खेलते दिखेंगे Jasprit Bumrah, एनसीए रख रहा हेल्थ पर पैनी नजर



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शेष दो टेस्ट मैचों और तीन वनडे मुकाबलों के लिए टीम की घोषणा कर चुका है। इस घोषणा के बाद साफ हो गया कि जसप्रीत बुमराह को ना ही बचे हुए दो टेस्ट मुकाबले खेलने के लिए टीम में जगह मिली है और ना ही वनडे मुकाबले खेलने के लिए उन्हें टीम में शामिल किया गया है। इस घोषणा के साथ ही भारतीय फैंस काफी नाराज हुए है।

दरअसल जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में शामिल करने के लिए अब तक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं मिला है। यही कारण है कि जसप्रीत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज के दो मैचों के लिए शामिल नहीं किया गया है। बीसीसीआई नहीं चाहता है कि जसप्रीत बुमराह पूरी तरह फिट होने से पहले टीम में लौटें।

गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट टीम के इस वर्ष वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का फाइनल खेलने की संभावना पूरी तरह से बनी हुई है। अगर भारतीय टीम एक और मुकाबला जीत जाती है तो भारत वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का फाइनल खेलने वाली टीम के तौर पर फाइनल हो जाएगी। इसके बाद भारतीय टीम को वर्ष के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी भी करनी है। ऐसे में जसप्रीत बुमराह को इन दो बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम के लिए उपस्थित होना जरुरी है। ऐसे में बीसीसीआई जसप्रीत बुमराह को लेकर किसी तरह का रिस्क नहीं ले रही है।

आईपीएल में आ सकते हैं नजरः माना जा रहा है कि जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2023) में खेलते हुए दिखाई दे सकते है। आईपीएल के जरिए ही वो क्रिकेट के मैदान में वापसी करेंगे। बता दें कि आईपीएल में जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस टीम के लिए खेलते है। मुंबई इंडियंस की ओर से उन्हें हर वर्ष 12 करोड़ रुपये का भुगतान होता है। अगर जसप्रीत आईपीएल में वापसी करते हैं तो बीसीसीआई की मैनेजमेंट कमेटी उनपर पड़ने वाले वर्कलोड पर भी नजर रखेगी क्योंकि जसप्रीत आगामी टूर्नामेंट को देखते हुए भारतीय टीम के लिए अधिक महत्वपूर्ण है।

इस कारण नहीं थे टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा

बता दें कि जसप्रीत बुमराह बीते पांच महीनों से लगातार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर है। उन्हें चोट लगी थी और स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ था जिस कारण उन्होंने टी20 विश्व कप में भी हिस्सा नहीं लिया था।

वो लगातार एनसीए के हेल्थ कैंप ने अपना इलाज करा रहे थे और फिटनेस पर ध्यान दे रहे थे। माना जा रहा था कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जसप्रीत कुछ प्रैक्टिस मैच खेल सकते थे मगर एनसीए ने इसकी अनुमति नहीं दी।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो की फिटनेस के पीछे ये है राज, अल नस्र के न्यूट्रिशनिस्ट गिनाई स्टार फुटबॉलर की खूबियां

फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी अरब के क्लब अल नस्र के साथ फुटबॉल खेलते हुए दिखाई दे रहे है। उन्होंने अल नस्र के साथ ढाई साल का करार किया है। फुटबॉल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने खेल के अलावा अपनी फिटनेस के लिए भी चर्चा में रहते है। इसी बीच उनके क्लब से फिटनेस कोच ने उनकी फिटनेस को लेकर बड़ी जानकारी दी है।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी अरब के क्लब अल नस्र के साथ ढाई साल का करार कर दुनिया भर के फुटबॉल फैंस को चौंका दिया था। गौरतलब है कि पुर्तगाल के कप्तान ने ब्रॉडकास्टर पियर्स मॉर्गन के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो का एक इंटरव्यू विवादास्पद तौर पर वायरल हुआ था जिसके बाद उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अपना करार समाप्त कर लिया था।

इसके बाद रोनाल्डो ने ऐलान किया था कि वो सऊदी अरब के क्लब अलनस्र के साथ जुड़ेंगे। इस कल्ब के पोषण विशेषज्ञ जोस ब्लेसा ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की डाइट को लेकर अहम खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि रोनाल्डो अपनी डाइट को लेकर काफी सख्ती बरतते है। फुटबॉल स्टार सेहत पर नजर रखने के लिए एक फिटनेस रिंग और ब्रेसलेट पहनते है।




कल्ब के पोषण विशेषज्ञ जोस ब्लेसा के मुताबिक रोनाल्डो अपनी सेहत का पूरी तरह से ध्यान रखते है। उन्हें खुद भी पोषण की अच्छी जानकारी है, जिसका उपयोग वो अपनी ट्रेनिंग के दौरान एनर्जी को बनाए रखने के लिए करते है। डाइट में वो लगातार कई तरह के खाद्य पदार्थों को खाते हैं। उनकी डाइट फैशन के अनुसार नहीं बदलती है।

उन्होंने बताया कि रोनाल्डो का हेल्थ और फिटनेस को लेकर डिसिप्लीन देखते हुए पूरी टीम भी उसी तरह से फिटनेस को लेकर सचेत हुई है। उन्होंने बताया कि रोनाल्डो के क्लब में शामिल होने के बाद से ही सभी खिलाड़ी कठिन प्रशिक्षण ले रहे हैं और एक सख्त डाइट प्लान का पालन कर रहे हैं। टीम के हर खिलाड़ी के स्वास्थ्य में 90ः तक सुधार हुआ है। खिलाड़ियों के शरीर में कम फैट और अधिक मसल है। अब सभी आसानी से व्यायाम करने में शामिल होते है।

उन्होंने बताया कि रोनाल्डो जैसे बड़े खिलाड़ी और स्टार प्लेयर के साथ काम करने को लेकर वो काफी उत्सुक थे। रोनाल्डो इतिहास के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में से एक है। रोनाल्डो जितना पेशेवर फुटबॉलर और कोई नहीं हो सकता है। रोनाल्डो के साथ हर तरह की बातचीत के जरिए कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है। रोनाल्डो हाथ में फिटनेस रिंग और फिटनेस ब्रेसलेट पहनते है। स्मार्ट रिंग और ब्रेसलेट के जरिए उनकी नींद और अन्य गतिविधियां ट्रैक होती है। इसके जरिए दिल की धड़कन, सांस, शरीर का तापमान आदि पर नजर रखी जाती है।

# अल्कारेज ने नोरी को हराकर अमेरिकी ओपन के बाद पहला खिताब जीता

ब्यूनस आयर्स। स्पेन के शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने अर्जेन्टीना टेनिस ओपन के फाइनल में रविवार को यहां ब्रिटेन के



कैमरन नोरी को सीधे सेट में हराकर अमेरिकी ओपन के बाद पहला खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज ने 12वें नंबर के खिलाड़ी नोरी को फाइनल में 6–3, 7–5 से हराया। दाएं पैर में चोट के कारण अल्कारेज ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे जिसके बाद नोवाक जोकोविच वहां खिताब जीतकर उन्हें पछाड़ते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए थे। उन्नीस साल के अल्कारेज ने साल के अपने पहले टूर्नामेंट में एकमात्र सेट सर्बिया के लास्लो जेयर के खिलाफ गंवाया। पहला सेट 36 मिनट में जीतने के बाद अल्कारेज ने दूसरे सेट में भी दूसरे वरीय नोरी की सर्विस तोड़ी। अल्कारेज हालांकि जब 5–4 के स्कोर पर चौंपियनशिप जीतने के लिए सर्विस कर रहे थे तब नोरी ने उनकी सर्विस तोड़कर वापसी की कोशिश की लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने अगला गेम जीतकर खिताब अपने नाम किया। नोरी को इस साल दूसरी बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले वे जनवरी में भी ऑकलैंड में फाइनल में हार गए थे। अल्कारेज अब रियो ओपन में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

# समाजवादी पार्टी समाप्त होती हुई पार्टी है : नंदी

कानपुर। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी कानपुर पहुंचे। उन्होंने विकास भवन में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि विरासत में गद्दी मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं। समाजवादी पार्टी समाप्त होती हुई पार्टी है। उन्होंने कहा कि साल 2012 में मुलायम सिंह यादव को मैंडेट मिला लेकिन उन्होंने अखिलेश यादव को सत्ता पर बैठा दिया था। लेकिन इसके वो वीडियो गेम खेलने में मशगूल रहे। और इसके बाद अखिलेश यादव ने अपने पिता को लात मारकर पार्टी पर कब्जा कर लिया। नंदी की माने तो कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। औद्योगिक विकास मंत्री का कहना है कि जिस तरह राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को खत्म कर दिया है उसी तरह समाजवादी पार्टी को अखिलेश यादव भी खत्म करत जा रहे हैं। कानपुर के प्रभारी बनाकर महानगर भेजे गए औद्योगिक विकास मंत्री के बयानों से समझा जा सकता है। नंदी से चाचा और भतीजे की जुगलबंदी में होने वाले हमले के बाबत पूछा गया तो नंदी ने कहा कि चाचा को सद्बुद्धि की जरूरत है क्योंकि कई बार अखिलेश यादव ने अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव को मंच से धक्का देकर खदेड़ दिया था।

# रूस और यूक्रेन युद्ध में होने वाली है चीन की एंट्री, अमेरिका को है किस बात का डर?

रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध के एक साल पूरे होने जा रहे हैं। गत वर्ष 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर भीषण हमला शुरू किया था। वहीं चीन अब यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक नई दरार डालने की कोशिश में लगा है। पश्चिमी नेताओं ने इस सप्ताह यूक्रेन के लिए चीन की शांति योजना पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लेकिन पहले संकेत के रूप में इस कदम का सावधानी पूर्वक से स्वागत किया है। चीन मानता है कि युद्ध को केवल एक यूरोपीय मामला नहीं माना जा सकता है। चीन के विदेश नीति प्रमुख वांग यी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यह खबर दी कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग जल्द ही एक ष्शांति प्रस्तावष पेश करेंगे। मास्को और कीव के बीच छिड़े जंग को बीजिंग संघर्ष कहता है



युद्ध नहीं।

रूस की मदद कर रहा चीन

वांग यी ने म्युनिख में कहा कि बीजिंग यूक्रेन और रूस के लिए एक शांति योजना पेश करेगा और यूरोप के साथ संबंध बनाए रखेगा। वहीं सीएनएन के अनुसार रूस के युद्ध के प्रयायों में चीन चुपचाप से उसकी सहायता कर रहा है। वांग ने सम्मेलन में कहा कि ये युद्ध जारी नहीं रह सकता। हमें ये सोचने की जरूरत है कि इस युद्ध को समाप्त करने के लिए हम क्या प्रयास कर सकते हैं।

अमेरिका ने दे दी चेतावनी

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का 'घातक समर्थन' जारी रखने को लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि इसके अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर 'गंभीर प्रभाव' होंगे। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ब्लिंकन और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठतम विदेश नीति अधिकारी वांग यी के साथ म्यूनिख में करीब एक घंटे तक बातचीत हुई थी। ब्लिंकन ने बैठक में वांग के समक्ष रूस–यूक्रेन युद्ध का भी मुद्दा उठाया। ब्लिंकन ने कहा, ''चीन द्वारा यूक्रेन युद्ध में रूस को दिए जा रहे घातक समर्थन को लेकर चिंता है। मैं उनके साथ साझा कर रहा हूं, क्योंकि राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसे राष्ट्रपति शी जिनफिंग से साझा किया था कि हमारे रिश्तों पर इसके गंभीर प्रभाव हो सकते हैं।

# इमरान और पीटीआई कार्यकर्ताओं को शहबाज के मंत्री की खुली धमकी, एक बार आंदोलन करके देखो, हम किस तरह की प्रतिक्रिया देते हैं

लगातार बड़बोले बयान देने में माहिर पाकिस्तान के मंत्री राणा



सनाउल्लाह ने इमरान खान और उनके कार्यकर्ताओं को खुलेआम धमकाया है। राणा ने इशारों–इशारों में ये साफ कर दिया कि अगर पूर्व पीएम इमरान के समर्थक जेल भरो आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरते हैं तो इसका परिणाम बुरा हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मुस्लिम लीग नवाज के एक कार्यक्रम में राणा सनाउल्लाह ने कहा कि एक तरफ इमरान खान सड़क पर उतरकर आंदोलन करने और जेल भरने की अपील कर रहें हैं। इसके साथ ही वो अपनी पार्टी की महिला विंद को सड़क पर उतारकर अपनी गिरफ्तारी की संभावना को अवरोध करने की कोशिश में लगे हैं। राणा सन्नाउल्लाह ने कहा कि आप (इमरान खान) एक बार आंदोलन शुरू करो। और देखो– हम किस तरह की प्रतिक्रिया देते हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की आलोचना की और उनसे अपने संवैधानिक कद का सम्मान करने को कहा क्योंकि उनका चुनाव की तारीख से कोई लेना–देना नहीं है। गृह मंत्री ने एक बयान में कहा कि अल्वी को पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में कार्य करना चाहिए न कि पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के प्रवक्ता के रूप में। द न्यूज के मुताबिक, पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के नेता ने कहा कि इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति, स्पीकर, डिप्टी स्पीकर और गवर्नर को असंवैधानिक काम करने के लिए कहा था। अल्वी पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) के डोमेन में घुसपैठ कर रहे थे, उन्होंने कहा कि खान राष्ट्रपति के कार्यालय का इस्तेमाल चुनावी निकाय पर दबाव बनाने के लिए कर रहे थे।

# मकान से सटाकर होलिका स्थापित किए जाने की दी तहरीर

मीरजापुर। जमालपुर क्षेत्र के मठना गांव निवासी उदेश जायसवाल ने अपने घर से सटा कर होलिका स्थापित किए जाने की तहरीर . थाने में दी। उन्होंने बताया कि .गांव के कुछ लोगों ने उनके मकान से सटाकर होलिका स्थापित कर दिया. थाने पर ग्रामीण भी पहुंच गए और होलिका स्थल के लिए दो बिस्वा भूमि में होलिका स्थापित किए जाने की बात बताई। थाना प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी एवं मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी चुनार उमाशंकर सिंह ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर कर मामला शांत कराया। उन्होंने एसडीएम से फोन से बात कर सोमवार को भूमि की पैमाईश कराए जाने का आश्वासन लोगों को दिया।

# बस खाई में गिरने से 15 लोगों की मौत, 60 घायल



लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारातियों को ले जा रही एक तेज रफ्तार बस खाई में गिरने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस्लामाबाद से लाहौर जा रही बस रविवार देर रात लाहौर से लगभग 240 किलोमीटर दूर कल्लार कहार साल्ट रेंज क्षेत्र में पलट गई। बचाव सेवा के अधिकारी मुहम्मद फारूक ने सोमवार को बताया, "बस पलटने से पहले विपरीत दिशा से आ रहे तीन वाहनों से टकराई और खाई में गिर गई।" बस में शादी समारोह से लौट रहे लोग सवार थे। आपातकालीन बचाव सेवा ' रेस्क्यू 1122' ने बताया कि ब्रेक के काम बंद कर देने के कारण दुर्घटना हुई। फारूक ने कहा कि मृतकों और कई घायलों को बस काटकर बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा, "घायलों को रावलपिंडी और इस्लामाबाद के अस्पतालों में ले जाया गया है, जहां उनमें से 11 की हालत गंभीर है।" उन्होंने कहा कि मृतकों में छह महिलाएं शामिल हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# श्रद्धालुओं ने किया ब्रह्म धाम में दर्शन पूजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल,सोनभद्र। जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र के मुसरधारा गांव में स्थित ब्रह्म बाबा की ख्याति बहुत दूर तक फैली हुई है। यहां पर हर सोमवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन पूजन किया जाता है। लोग सत्य नारायण भगवान का कथा श्रवण करते हैं। और अपनी मनोकामना पूरी होने हेतु मन्नत मांगते हैं। यहां पर काफी दूर दूर से लोग आते हैं। वैसे तो हर दिन कुछ न कुछ लोग आते रहते हैं। इसी क्रम में सोमवार को अनेकों लोगों ने कथा सुना। तथा तमाम दर्शनार्थियों में महुआंव पाण्डेय निवासी मनोज धर द्विवेदी ने अपने धर्म पत्नी व पुत्र अमन धार द्विवेदी के साथ ब्रह्म बाबा को खिचड़ी जनेऊ प्रसाद आदि चढ़ाकर पुजारी नारायण धर द्विवेदी से पूजन किया। तत्पश्चात पं शिवम् धर द्विवेदी ने सत्य नारायण भगवान की कथा सुनाई। कथा के पश्चात आरती, हवन के बाद प्रसाद वितरण



**■ हर सोमवार को लगती है दर्शनार्थियों की भारी भीड़**

**■ श्री सिद्धेश्वर महादेव सेवा संस्थान परिवार के द्वारा ब्रह्मधाम में किया गया पूजन**

किया गया। इस अवसर पर परिवार के लोग मौजूद रहे जिसमें नीलम देवी व प्रेरित धर द्विवेदी के साथ अभिनव धर द्विवेदी मौजूद रहे। बताते चलें कि इस क्षेत्र का यह बहुत ही चर्चित धर्म स्थल है। जहां तक लोगों की भारी भीड़ जमा होती है। यह कार्यक्रम श्री सिद्धेश्वर महादेव सेवा संस्थान महुआंव पाण्डेय के सदस्यों द्वारा किया गया था। जिसमें काफी लोग भाग लिए।

# स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों में राष्ट्रभक्ति के भावना भरने का कार्य किया था आर्य समाज ने

मऊ। आर्य समाज का 119 वां वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन प्रातः काल भजन उपदेश भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। प्रातः काल यज्ञ ब्रह्मा पंडित हरिशंकर मिश्र तथा मनीष आर्य रहे। यज्ञ के यजमान शनि प्रकाश सप्तनीक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज ने बताया कि ईश्वर सच्चिदानंद स्वरूप निराकार सर्वशक्तिमान न्यायकारी दयालु अजन्मा अनंत निर्विकार अनादि अनुपम सर्वाधार सर्वेश्वर सर्वव्यापक सर्वांतर्यामी अजर अमर अभय नित्य पवित्र और सृष्टिकर्ता है उसी की उपासना करनी योग्य है। कार्यक्रम के मध्य में भजन उपदेशक पंडित नरेश दत्त आर्य ने 'तू कर प्रभु से प्रीत, यूँ ही दिन बीतते जाते है' भजन सुनाया। वहीं कार्यक्रम के उत्तरार्ध में स्वामी केवलानंद सरस्वती ने तीन अनादि सत्ता ईश्वर, जीव, प्रकृति पर चर्चा




की। आचार्य ज्ञान प्रकाश वैदिक ने बताया कि आर्य समाज एक क्रांतिकारी संगठन है तथा स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों में राष्ट्रभक्ति के भावना अंतःकरण में भरने का कार्य करता रहा है अतः हम सभी को इस पवित्र कार्य में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। संयोजक अजय आर्य ने बताया कि 21 फरवरी को पूर्वांचल आर्य महासम्मेलन तथा मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिस के मुख्य अतिथि सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के मंत्री विनय आर्य का आगमन जनपद में हो चुका है उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए उन्होंने नगर वासियों का आवाहन किया। इस अवसर पर पंडित हरिशंकर मिश्र, संयोजक अजय आर्य, प्रशांत रत्नम् सिंह, अजय सर्राफ, सुमित राय, प्रहलाद वर्मा, अशोक राय, ओम प्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र आर्य, बब्बन प्रसाद वर्मा उदय प्रताप आर्य, मनीष आर्य, प्रधानाचार्य मुरलीधर, मदन गोपाल, वशिष्ठ नारायण, संतोष बरनवाल, विश्वा गुप्ता, शनि प्रकाश, परमात्मा पाण्डेय तथा दयानंद बाल विद्या मंदिर के छात्र–छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ–साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## डा० दिलनवाज को नशा मुक्ति अभियान के क्षेत्र में काम करने के लिए किया गया सम्मानित

घोसी, मऊ। नगर के मदापुर शम्सपुर निवासी व अल्पसंख्यक शैक्षिक एवं सामाजिक विकास संस्था के राष्ट्रीय सचिव डा० दिलनवाज को नशा मुक्ति अभियान के क्षेत्र में काम करने के लिए महाराष्ट्र की राजस्थान औषधालय ने सम्मानित किया है। बताते चलें कि राजस्थान औषधालय सम्पूर्ण भारत में नशामुक्ति अभियान पर औषधि एवं जागरूकता पर कार्य कर रही है। डा० दिलनवाज के सम्मानित होने पर नगर के मदापुर शम्सपुर स्थित आवास पर हुजूर आलम, शकील अहमद, इमरान खान, शाहिद अंसारी, सोनू गांधी, जाहिद खान, मुन्ना, संदीप कुमार, मनोज राजभर, आरिस इकबाल, मु० सैफ, एसपी सिंह, गुड्डू मिश्रा आदि ने पहुंचकर बधाई दी है।

## प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर पांच बोरी अनाज की चोरी

रतनपुरा, मऊ। स्थानीय विकास खंड के पिलखी स्थित प्राथमिक विद्यालय के रसोई घर का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर पांच बोरी अनाज चुरा ले गए।इस घटना की जानकारी प्रधानाध्यापिका ने ग्राम प्रधान व बेसिक शिक्षा अधिकारी को देकर उचित करवाई की मांग किया है। प्रधानाध्यापिका स्वेता ने पत्र लिखकर बताया बताया है की सोमवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर कार्यालय का खिड़की क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला साथ ही अतिरिक्त कक्ष का ताला टूटा हुआ मिला। अध्यापकों के साथ निरीक्षण करने के बाद पता चला की मध्यान्ह भोजन के लिए रखी अनाज की बोरियों में से पांच बोरी गायब पाई गई। उक्त घटना की समस्त जानकारी प्रधानाध्यापिका ने पत्र के माध्यम से ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी को दे दिया गया। जिसके उपरांत हलधरपुर पुलिस के एक अधिकारी ने घटना स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा करने जा आश्वाशन भी दिया है।

# बैंक अधिकारी फिशरीज केसीसी को प्रमुखता से करें स्वीकृतः सीडीओ

## जिला बैंक सलाहकार समिति की बैठक हुई संपन्न

मऊ। सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में जिला बैंक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने शासन द्वारा प्रायोजित विभिन्न रोजगार परक योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान लीड बैंक मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि पीएमईजीपी (डीआईसी) योजना के तहत जनपद ने निर्धारित लक्ष्य 168.20 लाख के सापेक्ष 417.07 लाख ऋण वितरित किए हैं,जो लक्ष्य का 235 प्रतिषत है। इसी प्रकार पीएमईजीपी (केवीआइबी) योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 58 प्रतिषत लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। इस योजना के तहत इंडियन बैंक के 13 आवेदनों के सापेक्ष मात्र 9 की स्वीकृति तथा 2 को ऋण वितरण होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इंडियन बैंक के प्रतिनिधि को इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, एमवाईएसवाई तथा ओडीओपी के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खराब प्रदर्शन पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी लंबित मामलों के यथा शीघ्र निस्तारण के निर्देश स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि को दिए। एलडीएम ने बैठक के दौरान बताया कि ओडीओपी के तहत कुल 129.98 लाख तथा 130.17 का सैंक्शन हुआ है, जो निर्धारित लक्ष्य का 100 प्रतिषत है। किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालक, मत्स्य एवं डेयरी केसीसी की समीक्षा के दौरान फिशरीज केसीसी बनाने की अत्यंत खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित



सभी बैंक अधिकारियों को फिशरीज केसीसी को प्रमुखता से स्वीकृत करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदनों पर मुख्य विकास अधिकारी ने परियोजना अधिकारी डूडा को इसका प्रचार प्रसार कर आवेदनों की संख्या बढ़ाने हेतु सभी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायतों को पत्र लिखने के निर्देश दिए। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के तहत भी निर्धारित त्रैमासिक लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदनों पर मुख्य विकास अधिकारी ने नगर पालिका परिषद के विस्तार क्षेत्रों में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही स्वरोजगार हेतु आवेदनों की संख्या बढ़ाने को कहा। बैठक के दौरान डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक, लीड बैंक मैनेजर मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ0 ददन कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य रिचा चौधरी, उपायुक्त उद्योग, सहित समस्त बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सोमवती अमावस्या की प्रभात फेरी देकर किया पूजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल,सोनभद्र। सोमवती अमावस्या का पर्व आज व्रती महिलाओं द्वारा बहुत ही विधान से मनाया गया। यह त्यौहार पति पुत्र के हित



के लिए किया जाता है। सोमवार को ही इसकी मान्यता है। यह पर्व वर्ष में दो से तीन बार पड़ सकता है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम किया जाता है। इस दिन व्रती महिलाएं सूर्योदय के पूर्व से ही पीपल के वृक्ष में कच्चा धागा बांधा जाता है। जल अक्षत चढ़ाकर प्रभु का ध्यान करके वस्त्र श्रृंगार की सामान, वस्त्र, प्रसाद,चना, गुण, प्रसाद, के बाद कहानी सुनने व सुनाने की भी परंपरा है। इसी तरह कार्यक्रम प्रत्येक गांव में आयोजित किए गए। इसी क्रम में महुआव पाण्डेय में भी व्रती महिलाओं द्वारा फेरी पूजन प्रसाद आदि द्वारा विधि विधान से मनाया गया।जिसमें काफी संख्या में गांव की महिलाएं बच्चे आदि मौजूद रहे।

## जनपद का समग्र बिकास ही हमारी प्राथमिकता, जि.प.अ. राधिका पटेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद का हो रहा समग्र विकास, बिकास ही हमारी प्राथमिकता चर्चा के दौरान बताया कि सिरसिया ठकुराई ग्राम सभा में 1 करोड़ का बिकास कार्य कराया जा चुका है 60 लाख का टेंडर हो चुका है नाली सड़क आर सीसी आदि कार्य कराये गये हैं शेष बचे कार्यों को कराया जायेगा बहेरा ग्राम पंचायत में 70 लाख तालाब सुन्दरीकरण हो रहा नाली 22 लाख कार्य हो रहा है भरकवाह में 45 लाख की नाली का टेंडर हो चुका है टिनहवा गणेशपुर में लगभग रोड का कार्य तियरा में 1 किमी रोड का कार्य हो चुका है मधुपुर मेन मार्केट से किरन बाटिका तक रोड बनने जा रही है पुसौली से भाजपा कार्यालय तक रोड बनने जा रही बिभिन्न नाली, सड़क, यात्री सेट के कार्य किये जा रहे जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल नें कहा कि जिले का समग्र विकास ही हमारी प्राथमिकता है!



**बुद्ध का संदेश**
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
**स्व. के.सी. शर्मा**
सम्पादक
**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# संभव के तहत हुआ जनसुनवाई का आयोजन

मऊ। नगर पालिका परिषद, मऊ में सोमवार को संभव के तहत जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतकर्ताओं ने स्वंय उपस्थित होकर अधिशासी अधिकारी श्री दिनेश कुमार को अपनी समस्या से अवगत कराया। जनसुनाई में प्राप्त कुल 13 शिकायतों मे से 02 का तुरन्त निस्तारण कर लोगों को राहत पहुंचायी गयी तथा शेष आवेदनों को समय सीमा के अन्दर निस्तारित करने हेतु अधिशासी अधिकारी ने सम्बन्धित को आदेशित किया। आज प्राप्त हुई शिकायतों में से 01 शिकायत सफाई, 08 निर्माण विभाग, 01 इण्डिया हैण्डपम्प नया लगाने सम्बन्ध में, 01 नया हैण्ड पाईप लगाने के सम्बन्ध में, 01 इण्डिया मार्का रिबोर करने के सम्बन्धा में तथा 01 स्ट्रीट लाईट से सम्बन्धित रहीं। जिनमें से 2 सफाई व नई लाईट लगाने के सम्बन्धित शिकायतों का तुरन्त निस्तारण कर राहत पहुंचाई गयी। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर दूर करने हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये गये है। उन्होने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उनको बेहतर नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराना पालिका का मुख्य उद्देश्य है। नगरवासी अपनी समस्यायें नगर पालिका हेल्प लाइन नं0 9151700777 व 1533 पर भी दर्ज करा सकते है। इस दौरान अवर अभियन्ता चन्द्र प्रकाश दुबे, कर अधीक्षक सन्तोष कुमार, राजस्व निरीक्षक अमृता राय, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि समेत सभी विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

मऊ। उत्तर प्रदेश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को सुदृढ़ रुप से चलाने तथा समाज में महिलाओं की भूमिका एवं आवश्यकता तथा शक्ति अधिक से अधिक दिखाने के लिए मऊ जनपद में लगातार कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सोमवार को जनपद के इमिलिया आंगनबाड़ी केंद्र में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं को महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में बताया गया। इसके अलावा जन्मोत्सव मनाने के उद्देश्य और वहां उपस्थित लोगों से बेटियों के जन्म की मानसिकता जानने का भी प्रयास किया गया। जिसमें बच्चे की मां द्वारा यह कहा गया कि वह सरकार की इस योजना से अत्याधिक प्रसन्न हैं। जहा बेटियों को सम्मान के साथ साथ किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के मौके भी मिलेंगे वह आज से बेटा बेटी में कोई भेदभाव नहीं करेंगी और न ही अपने ससुराल में किसी को करने देंगी उनकी बेटी जो करना चाहेंगी उनको उनकी स्वतंत्रता देंगी। इस कार्यक्रम मे महिला शक्ति केंद्र से महिला कल्याण अधिकारी अर्चना राय वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रभारी संध्या सिंह, रेनू पांडे विधि शाह परिवीक्षा अधिकारी, चंदा साहनी संरक्षण अधिकारी एवं जिला समन्वयक राखी राय सीडीपीओ तथा सुपरवाइजर एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# केराटिन ट्रीटमेंट के बाद बालों की देखभाल के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



केराटिन बालों को सीधा करने वाला ट्रीटमेंट है। यह रासायनिक प्रक्रिया केराटिन (बालों में पाया जाने वाला एक रेशेदार प्रोटीन) की कमी को पूरा करके बालों को सीधा और चमकदार बना सकती है। हालांकि, केराटिन ट्रीटमेंट के फायदे बरकरार रखने और बालों को टूटने से बचाने के लिए जरूरी है कि आप अपने बालों की खास देखभाल करें। आइए आज हम आपको केराटिन बालों की देखभाल से जुड़े कुछ उपाय बताते हैं।

हीट स्टाइलिंग उपकरणों का कम करें इस्तेमाल

अगर आपने हाल ही में केराटिन ट्रीटमेंट करवाया है तो ऐसे हीट स्टाइलिंग उपकरणों का इस्तेमाल कम से कम करें और इस्तेमाल के दौरान इनका ताप सामान्य से मध्यम ताप सीमा में रखें। इसका कारण है कि कर्लिंग आयरन, ब्लो ड्रायर और स्ट्रेटनर जैसे हीट स्टाइलिंग उपकरणों के इस्तेमाल से बालों की नमी दूर होने लगती है, जिससे वे शुष्क और बेजान हो सकते हैं। ऐसे बाल आसानी से टूट सकते हैं।

सही तरह से करें उत्पादों का इस्तेमाल

केराटिन ट्रीटमेंट के बाद उसी तरह से उत्पादों का इस्तेमाल करें, जो सैलून वाले न बताया हो। जैसे कि हफ्ते में दो बार बालों को शैंपू और कंडीशनर करना और हफ्ते में एक बार हेयर मास्क लगाना आदि। आप अपने बालों की देखभाल के प्रति जितने सतर्क रहेंगे, बालों को नुकसान पहुंचने की संभावना उतनी ही कम होगी। इसके अतिरिक्त सल्फेट वाले उत्पादों का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि इनसे स्कैल्प और बालों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

असाई तेल का करें इस्तेमाल

असाई तेल विटामिन्स, एंटीऑक्सिडेंट और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो बालों को गहराई से पोषण देने में मदद कर सकते हैं। यह न केवल स्कैल्प के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है, बल्कि बालों को मजबूती प्रदान करने में भी कारगर हो सकता है। केराटिन ट्रीटमेंट के बाद भी इस तेल का इस्तेमाल करना लाभदायक हो सकता है। यह बालों की जड़ों को नमीयुक्त बनाए रखने में सहायक है।

रसायन युक्त उत्पादों का न करें इस्तेमालः बाजार में मौजूद केराटिन बालों की देखभाल के लिए उत्पाद कितने प्रभावी होते हैं यह तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन इनमें मौजूद हानिकारक रसायनों से बालों को काफी नुकसान जरूर पहुंच सकता है। ऐसे में अगर आप इनकी जगह अगर प्राकृतिक तत्वों से भरपूर उत्पादों और नैचुरल ट्रीटमेंट का इस्तेमाल करते हैं तो इससे केराटिन बालों की खूबसूरती और मजबूती को बरकरार रखा जा सकता है।

ब्लीच से बनाएं दूरीः अगर आप अपने केराटिन बालों पर ब्लीच कराने की सोच रहे हैं तो जरा रूकिए क्योंकि इससे आपके बालों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। केराटिन ट्रीटमेंट के तीन या चार सप्ताह बाद ही बालों पर ब्लीच जैसे उत्पादों का इस्तेमाल करें। इसके अतिरिक्त क्लोरीन युक्त पानी से भी दूरी बनाएं क्योंकि इनके बालों की चमक पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इसलिए अगर आप एक तैराक हैं तो कैराटिन के तीन–चार सप्ताह बाद ही तैराकी करें।

## निमृत कौर को मिली एकता कपूर की लव सेक्स और धोखा 2?

छोटी सरदारनी से अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाली निमृत कौर अहलूवालिया ने रियलिटी शो बिग बॉस 16 में अपनी भागीदारी से काफी सुर्खियां बटोरी। हालांकि, निमृत को सेमीफाइनल



सप्ताह में बाहर कर दिया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माता एकता कपूर ने अपनी आगामी फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 में निमृत को साइन किया है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अब इन खबरों पर अभिनेत्री ने अपनी प्रतिकिया दी है। रिपोर्ट के नुसार निमृत ने कहा, मैं सातवें आसमान पर हूं। यह अविश्वसनीय है। मैं एकता मैम की आभारी हूं और बिग बॉस की भी। अगर यह मंच नहीं होता तो वह मुझे कभी नहीं देखती। मुझे नहीं पता कि वह मुझे जानती भी है या नहीं। मैं अभी बाहर आई हूं और फिल्म को लेकर मेरी कोई बातचीत नहीं हुई है और न ही मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी है, इसलिए मेरी ओर से कोई टिप्पणी करना गलत होगा।






## मुग्धा गोडसे, ओम् पूरी स्टारर हिंदी फिल्म खेला होबे का ट्रेलर रिलीज




अभिनेत्री मुग्धा गोडसे और स्वर्गीय अभिनेता ओम पुरी स्टारर, निर्देशक सुनील सी सिन्हा की फिघ्ल्म खेला होबे रिलीज के लिए तैयार हैं फिघ्ल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया हैं। फिघ्ल्म अग्रणी सिनेमा टेक्नोलोजी कम्पनी यूनाइटेड मीडिया वर्क्स ( यूएमडबल्यू ) फिघ्ल्म को 24 फरवरी को पूरे देश के सिनेमागृह में रिलीज करेगी. पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चुनावी नारे खेला होबे को पूरे देश में सुर्खियों मिली थी अब इस राजनीतिक स्लोगन पर एक हिंदी फिघ्ल्म रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म का ट्रेलर निर्माता कुमारी मंजू के द्वारा सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया। फिल्म की कहानी और संवाद रवि कुमार ने लिखे हैं और निर्मात्री कुमारी मंजू हैं। फिघ्ल्म में केंद्रीय भूमिका में मुग्धा गोडसे नजर आएंगी। ओम् पूरी फिल्म में फरिक भाई के किरदार में नजर आयंगे। एक ऐसा नेता जो पिछले कई सालो चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन हर बार सिफर्ध हार हाथ लगती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि जनता का उन्हें भरपूर समर्थन हैं और उन्हें चुनाव के मैदान में हार नहीं माननी चाहिए। पिछले दिनों फिघ्ल्म के सेंसर शो के बाद उनके एक संवाद पर सेंसर ने आपत्ति के चलते फिल्म से बाहर कर दिया गया हैं। निर्देशक सुनील सी सिन्हा फिघ्ल्म के बारे में बताते हैं खेला होबे एक राजनीतिक और सामाजिक ताने बाने से बना ड्रामा हैं ओम् पूरी के किरदार में एक कम्युनिटी लीडर की इमेज हैं तो दूसरी तरफ थोड़ा हास्य भी है। यह फिल्म उनके चाहनेवालो के लिए एक बार फिर ओम् पूरी को बड़े पर्दे पर देखने का अवसर देगी। फिल्म में मुग्धा गोडसे के साथ ही रति अग्निहोत्री, मनोज जोशी की भी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। आशीष भंडारी और सचिन भंडारी को–फाउंडर एंड ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, यूनाइटेड मीडिया वर्क्स ने कहा कि स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं को फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने में बहुत मुश्किल होती है और बाजार के स्थापित प्लेयर्स के बीच में खुद को मुश्किल हैं खेला होबे के साथ हम फिल्म के बारे में अच्छी जागरूकता के साथ–साथ सिनेमाघरों में फिल्म को रिलीज करने के किफायती तरीके के लिए एक समाध ाान तैयार कर रहे हैं और फिघ्ल्म को टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज कर रहे हैं । भविष्य में हम और कई फिघ्ल्मों के साथ सहयोग करके रिलीज करने की योजना पर कार्य कर रहे हैं । थीम आर्ट्स इंटरनेशनल और सुनील सी सिन्हा प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित फिघ्ल्म खेला होबे की निर्मात्री कुमारी मंजू हैं और प्रेजेंटर कथा और संवाद रवि कुमार फिल्म के निर्देशक सुनील सी सिन्हा हैं। फिल्म में ओम् पुरी के साथ मुग्धा गोडसे, मनोज जोशी, रति अग्निहोत्री, रुशद राणा, राज कुमार कनौजिया, संजय बत्रा, संजय कुमार सोनू, रतन मायाल, पंकज रैना, शाहनवाज प्रधान शेफाली, आर्यन और अन्य प्रमुख किरदारों में नजर आँएगे। फिल्म जल्द ही सिनेमागृह में प्रदर्शित होगी। फिल्म का संगीत संजीव चतुर्वेदी, अजय केशवानी, राकेश त्रिवेदी, हर्ष राज हर्ष ने तैयार किया हैं। यह कहानी एक ऐसी औरत की जो अपने अस्तित्व की अपने समाज की और अपने परिवार पर हुए जुल्म की खघतिर उसका निदान के लिए वो राजनीति में आती है चुनाव लड़ती है वो एक मुद्दा ले कर चलती है। बाकी के प्रतिद्वंदी भी अपने अपने मुद्दे के तहत चुनाव लड़ते है कोई सेकूलर के नाम पर कोइ, कोइ विकास के नाम पर अलग अलग मुद्दों पर चुनाव लड़ते ,पर मुद्दा धरा का धरा रह जाता है और खेला हो जाता है फिल्म की महिला किरदार शब्बो को पता चलता है कि इस राजनीति में उसके अपनो के साथ बहुत गलत हुआ हैं उसके लिए मेयर के चुनाव से मिली जीत, पावर और पैसे का जश्न मनाना जरूरी नहीं रह जाता हैं। अब उसका लक्ष्य अत्याचार का बदला लेना हैं शब्बो के लिए यह रास्ता मुश्किल और खतरनाक होने वाला हैं ।

## सामने आया रानी मुखर्जी की नई फिल्म का मोशन पोस्टर



बॉलीवुड की बेहतरीन और सुपरहिट एक्ट्रेस रानी मुखर्जी कुछ वक्त से सिनेमा से दूर ही थी। वह जल्द ही मूवी मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे में दिखाई देने वाले है। हाल ही में मूवी का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया। साथ ही, फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी घोषणा की है। दरअसल, मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे को लेकर फिल्म क्रिटिक्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे का मोशन पोस्टर भी शेयर किया है। इस पोस्टर में रानी मुखर्जी एक बच्चे को गोद में लिए हुए दिखाई दी और दूसरा बच्चा उनके बराबर में खड़ा है। सोशल मीडिया पर रानी मुखर्जी का यह लुक वायरल होने लगा है। इस मोशन पोस्टर को साझा करते हुए मूवी के ट्रेलर रिलीज डेट को लेकर भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि फिल्म का ट्रेलर 23 फरवरी को रिलीज किया जाने वाला है। खबरों का कहना है कि फिल्म का निर्देशन आशिमा छिब्बर ने किया है। मूवी में रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह मूवी सिनेमाघरों में 17 मार्च को रिलीज होने की उम्मीद है। रानी मुखर्जी काफी वक्त से बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए है। इस मोशन पोस्टर रिलीज के उपरांत अभिनेत्री के फैंस बेहद एक्साइटेड दिखाई दे रहे है। कुछ यूजर्स का इस बारें में कहा है कि पोस्टर काफी अच्छा है। एक यूजर ने कमेंट किया है लव द पोस्टर कांट वेट फॉर ट्रेलर। दूसरे यूजर ने लिखा– वेटिंग। फैंस को रानी की वापसी का बेसब्री से इंतजार है और यह यूजर्स के कमेंट से साफ देखने के लिए मिल रहा है।

## व्हाइटहेड्स से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे



व्हाइटहेड्स बिना सूजन वाले मुंहासें होते हैं और ये त्वचा के रोमछिद्रों में गंदगी, बैक्टीरिया और अतिरिक्त सीबम के फंसने से होते हैं। गर्भावस्था, मासिक धर्म और मेनोपॉज के दौरान होने वाला हार्मोनल असंतुलन व्हाइटहेड्स का मुख्य कारण है। इसके अतिरक्त अधिक वसायुक्त आहार, तैलीय सौंदर्य उत्पाद और आनुवांशिकता भी इसके कारण हो सकते है। ऐसे में आइए आज इनसे छुटकारा दिलाने में मदद करने वाले पांच घरेलू नुस्खों को के बारे में जानते हैं।

एलोवेरा और नींबू के तेल का मिश्रण है असरदार

एलोवेरा में एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–एक्ने गुण होते हैं। यह त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और कोलेजन उत्पादन बढ़ाता है। इसी तरह नींबू के छिलके का तेल व्हाइटहेड्स पैदा करने वाले बैक्टीरिया के खिलाफ प्रभावी है। लाभ के लिए एक बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल में नींबू के छिलके के तेल की कुछ बूंदें मिलाएं। इसके बाद तैयार मिश्रण को प्रभावित जगह पर लगाकर तीन–चार मिनट तक मसाज करें। 10–12 मिनट के बाद त्वचा को पानी से साफ कर लें।

मुनका शहद भी है प्रभावीः मुनका शहद में एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं और यह व्हाइटहेड्स पैदा करने वाले बैक्टीरिया पी एक्ने और एस ऑरियस स्ट्रेन को कम कर सकता है। लाभ के लिए एक बड़ी चम्मच मुनका शहद को हल्का गर्म करके प्रभावित क्षेत्रों पर लगाएं। इसे 20 मिनट तक त्वचा पर लगा रहने दें और फिर साफ पानी से धो लें। जब तक व्हाइटहेड्स दूर न हो जाए तब तक इस उपाय को हर दिन दोहराएं।

सेब का सिरका आएगा कामः सेब का सिरका एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं और ये व्हाइटहेड्स को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक कटोरी में सेब के सिरके और पानी की बराबर मात्रा मिलाएं और इसे रूई से सीधे व्हाइटहेड्स से प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इसे कुछ मिनट के लिए प्राकृतिक रूप से सूखने के लिए छोड़ दें। इस दौरान ध्यान रखें कि इस उपाय के बाद त्वचा को धोना नहीं है।

बेकिंग सोडा भी कर सकता है मददः बेकिंग सोडा में एक्सफोलिएटिंग गुण होते हैं। यह अशुद्धियों और त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करके व्हाइटहेड्स को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए दो–तीन चम्मच बेकिंग सोडा और पानी मिलाकर इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं और फिर 15–20 मिनट के बाद त्वचा को गुनगुने पानी से धो लें। व्हाइटहेड्स पूरी तरह खत्म होने तक इस उपाय को हफ्ते में एक–दो बार दोहराएं।

हल्दी भी है कारगरः हल्दी में करक्यूमिन, एंटी–बैक्टीरियल गुण और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो किसी भी प्रकार के मुंहासों को प्रभावी रूप से कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए आधा चम्मच हल्दी पाउडर में पानी या शहद मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें और फिर इसे व्हाइटहेड्स पर लगाएं। 15–20 मिनट के बाद त्वचा को गुनगुने पानी से साफ कर लें। रोजाना दिन में दो बार इस उपाय को दोहराएं।